संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



लोकसभा चुनाव से पहले बीजू जनता दल (बीजद) से पूर्व सांसद प्रभास कुमार सिंह सोमवार को भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) में शामिल हो गए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 104 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## 'युद्ध में 'तिरंगा' बना 'गारंटी' : मोदी

= मेरी योजनाएं किसी को डराने के लिए नहीं, कांग्रेस के घोषणा पत्र ने युवा मतदाताओं की आकांक्षाओं को नकार दिया

**समग्र विकास**

8 मेरे निर्णय किसी को डराने, दबाने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के समग्र विकास के लिए हैं



**टीम एक्शन इंडिया/दीपचंद्र काण्डपाल**

**नई दिल्ली: कांग्रेस का** घोषणा पत्र देश के युवाओं को निराश करता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र ने युवा मतदाताओं की आकांक्षाओं को नकार दिया है। यह कहना है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। एएनआई को दिए गए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भाजपा का घोषणापत्र पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं के साथ जुड़ा हुआ है। इंटरव्यू में उन्होंने अपनी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेरे पास बड़ी योजनाएं हैं। मुझे किसी को डरने की जरूरत नहीं है। मेरे निर्णय किसी को डराने, दबाने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के समग्र विकास के लिए हैं।

**एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश को फायदा:** एक राष्ट्र-एक चुनाव पर प्रधानमंत्री मोदी ने साक्षात्कार में कहा कि यह हमारी प्रतिबद्धता है। हमने इसके लिए समिति बनाई, जिसे कई लोगों ने अपने सुझाव दिए। एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना को लेकर सकारात्मक सुझाव आए हैं। अगर हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाए तो देश को बहुत फायदा होगा। गौरतलब है कि रविवार को जारी किए गए घोषणा पत्र में भी भाजपा ने एक राष्ट्र-एक चुनाव लागू करने का वादा किया है।

**मैं अभी बहुत कुछ करना चाहता हूं:** यह तो सिर्फ ट्रेलर है का क्या मतलब होता है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि जब मैं कहता हूं कि मेरे मन में बहुत बड़े-बड़े प्लान हैं। इससे किसी को डरने की जरूरत नहीं है। मेरे निर्णय किसी को डराने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय किसी को दबाने के लिए भी नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास के लिए हैं। मेरे निर्णय जनकल्याण के लिए हैं। देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मैं देर नहीं करना चाहता। मैं समय नहीं बिगाड़ना चाहता। इंटरव्यू में उन्होंने आगे कहा कि ज्यादातर सरकारों का स्वाभाव है कि उन्हें लगता है कि उन्होंने सब कुछ कर लिया लेकिन मैं ऐसा नहीं मानता कि मैंने सब कुछ कर लिया। मैंने ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास किया है। सही दिशा में जाने का प्रयास किया है। बावजूद इसके बहुत कुछ है, जो मुझे अभी भी करना है।

मुझे पता है कि देश में बहुत चीजों की आवश्यकता है। हर परिवार के बहुत सपने होते हैं, उनका सपना कैसे पूरा किया जाए, वह मेरे दिल में है। इसलिए मैं कहता हूं कि जो हुआ वह बस ट्रेलर है। मैं अभी बहुत कुछ करना चाहता हूं।

### एलन मस्क भारत के समर्थक हैं: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने के आखिर में अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने ट्वीट कर इसका खुलासा किया था। ऐसे में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि मस्क की यह यात्रा संभावित रूप से टेस्ला के निवेश योजनाओं और देश में एक नया कारखाना खोलने की घोषणा के साथ होगी। वहीं, इस मुद्दे पर पीएम मोदी की टिप्पणी से इस चर्चा को बल मिलता है।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र से युवा मतदाता निराश: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के युवाओं को निराश करता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र ने युवा मतदाताओं की आकांक्षाओं को नकार दिया है। यह कहना है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भाजपा का घोषणापत्र पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं के साथ जुड़ा हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं जब विकसित भारत- 2047 की बात करता हूं तो यह उनके लिए हैं, जो आज 20 साल के हैं। यह उनकी पूरी जिंदगी का टाइम फ्रेम है। 2047 में 20 साल वाला आज का युवा, 40-45 साल का होगा। भारत का विकास और उसके जीवन का विकास



एक साथ होगा। विकसित भारत- 2047 का सबसे बड़ा लाभार्थी वही होगा। मैं उन्हें यही समझा रहा हूं कि आप मेरे साथ जुड़े और अपना भविष्य बनाएं। मुझे विश्वास है कि वे जुड़ेंगे।

**कांग्रेस के घोषणा पत्र से 25 साल से कम के युवाओं को नुकसान:** कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ये घोषणापत्र अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से विफल करता है। कांग्रेस का घोषणा पत्र पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की आकांक्षाओं को भी एक तरह से नष्ट कर देता है। अगर आप ध्यान दें तो इस घोषणा पत्र से सबसे बड़ा नुकसान 25 साल से कम उम्र के लोगों को है। मैं उन युवाओं के जीवन को बेहतर बनाना चाहता हूं। मैं देश में नवाचार को ताकत देना चाहता हूं।

**देश में सबसे सस्ता इंटरनेट:** पीएम मोदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी सोच रही है कि हमारी जिंदगी बेहतर हो रही है। आज भारत में सबसे सस्ता इंटरनेट है।

## केरल को एलडीएफ-यूडीएफ से सावधान रहना होगा: मोदी

= राहुल को उप्र की खानदानी सीट बचानी मुश्किल हुई तो केरल को बनाया ठिकाना, कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से गुप्त समझौता किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल में एक चुनावी रैली में कांग्रेस और राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला बोला। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपने पारिवारिक गढ़ को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे एक प्रमुख कांग्रेस नेता ने केरल में शरण ली है। त्रिशूर के अलाथुर शहर में इस चुनावी रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बिना प्रधानमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस के एक बड़े नेता, जिनको यूपी में अपनी खानदानी सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है, उन्होंने केरल में ठिकाना लिया है। कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए यहां कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से

**हमला बोला**

8 यूपी में अपनी खानदानी सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है, उन्होंने केरल में ठिकाना लिया है

गुप्त समझौता किया है, जिसको देश में बैन किया गया है। केरल के लोगों के प्रति अपनी वास्तविक चिंता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ दोनों से सावधान रहना होगा।" प्रधानमंत्री ने विपक्ष की कड़वी सच्चाई को भी उजागर किया और कहा, केरल में भले ही कांग्रेस पार्टी लेफ्ट के लोगों को आतंकवादी कहती है लेकिन दिल्ली में ये लोग एक साथ बैठकर चुनावी गठबंधन करते हैं।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। -भागवद गीता"

### मन की बात



"जो कुछ भी तुम्हें कमजोर बनाता है- शारीरिक, बौद्धिक या मानसिक, उसे जहर की तरह त्याग दो। -स्वामी विवेकानंद"

### तीसरी आंख




### अखिलेश ने लैपटॉप तो लालू ने किया चारा घोटाला: नड्डा




**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा-एनडीए का एक संकल्प पत्र है परंतु गठबंधन होने के बावजूद विपक्ष में हर पार्टी का अलग-अलग संकल्प पत्र है। उन्होंने कहा कि गठबंधन होने के बावजूद आपस में मिलने का संकल्प नहीं है। उत्तराखंड की टिहरी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मसूरी के गांधी चौक पर सोमवार को आयोजित विजय संकल्प जनसभा में नड्डा ने विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर और तेज कार्रवाई होगी। टिहरी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मसूरी की विजय संकल्प जनसभा में भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में बोफोर्स, अगस्ता वेस्टलैंड, पनडुब्बी, कोयला, 2जी सहित कई घोटाले किए।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी, ईडी से जवाब तलब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने 29 अप्रैल को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने ईडी को 24 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने ईडी की ओर से जवाब दाखिल होने पर केजरीवाल को 27 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने 9 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की



याचिका खारिज कर दी थी। केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाते हुए हाई कोर्ट ने कहा था कि ये जमानत याचिका नहीं है बल्कि गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने कहा कि जब भी किसी आरोपित को सरकारी गवाह बनाया जाता है तो वे न्यायिक अधिकारी का काम होता है न कि जांच एजेंसी ईडी का। हाई कोर्ट ने कहा था कि किसने किस पार्टी को

**आदेश**

8 सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा, जस्टिस खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच 29 को करेगी सुनवाई

चुनाव लड़ने के लिए पैसा दिया ये कोर्ट को तय नहीं करना है। इलेक्टोरल बांड के रूप में किसने किस पार्टी को पैसा दिया ये कोर्ट को विचार नहीं करना है। केजरीवाल चाहें तो गवाहों का क्रास-एग्जामिनेशन कर सकते हैं। हाई कोर्ट ने कहा था कि जांच एजेंसी किसी की भी जांच कर सकती है। हाई कोर्ट ने कहा था कि मार्च महीने से ही केजरीवाल समन को नजरअंदाज कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में फिर चाकूबाजी

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकूबाजी की एक और घटना सामने आई है। बताया गया है कि यहां के वेकली में स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में एक पादरी और इकट्ठा हुए कुछ और लोगों पर हमला किया गया है। चाकूबाजी में कई लोगों के घायल होने की खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार सोमवार रात को चर्च सर्विस के दौरान हुई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि यह शख्स पुलिस की जांच में मदद कर रहा है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि बिशप मार मारी इमैनुएल चर्च की स्टेज पर खड़े हैं।

## विदेशों में भी काम करती है मोदी की गारंटी

ईरान के कब्जे में 17 भारतियों की वापसी पर बोले जयशंकर

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को ईरान द्वारा जब्त किए गए मालवाहक जहाज एमएससी एरीज पर सवार 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों को वापस लाने का पूरा भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी न केवल देश के अंदर बल्कि विदेशों में भी काम करती है।

विदेश मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुफ्त गारंटी है कि जब भी आप विदेश में मुसीबत में हों, भारत सरकार आपकी देखभाल के लिए मौजूद है।" जयशंकर ने कहा, "हमने इस गारंटी को यूक्रेन, सूडान में और कोविड महामारी में बार-बार करके दिखाया है।"

**ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन से हुई बात**



एमएससी एरीज पर 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई को लेकर जयशंकर ने रविवार को ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन से बात की। उन्होंने कहा "हमने ईरान सरकार से कहा है कि सभी भारतीयों को रिहा किया जाए और उन्हें हिरासत में नहीं लिया जाए।" जयशंकर ने आगे कहा कि भारतीय दूतावास के अधिकारियों

**भरोसा**

8 मालवाहक जहाज एमएससी एरीज पर सवार 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों को वापस लाने का पूरा भरोसा जताया

ने ईरान के अधिकारियों से इस मामले में राजनयिक चर्चा की है। उन्होंने कहा, "मुझे कुछ रिपोर्टें मिल रही हैं लेकिन मैं चाहता हूं कि हमारे दूतावास के अधिकारी वहां जाएं और भारतीय दल से मिलें। यह मेरे लिए पहली प्रथमिकता है।" उन्होंने कहा, "मैं तैयार हूं। ईरान के विदेश मंत्री ने मेरी सभी चिंताओं का जवाब दिया और आश्वासन दिया कि वह स्थिति को समझेंगे।

## विस्थापित 18,000 लोगों को मतदान की सुविधा देने की याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: उच्चतम न्यायालय** ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित लगभग 18,000 लोगों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि इस अदालत का हस्तक्षेप, विशेष रूप से इस विलंबित चरण में, मणिपुर के लिए लोकसभा के आगामी आम चुनावों के संचालन में महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करेगा।

**18000 आंतरिक रूप से लोग हैं विस्थापित :** पीठ ने कहा, "आप अंतिम समय में आये हैं। इस स्तर पर, वस्तुतः क्या किया जा सकता है हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते है। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि 18,000 आंतरिक रूप से विस्थापित लोग हैं। वे मणिपुर में चुनाव में मतदान करना चाहते हैं।

## 'पूर्वोत्तर में कई समझौतों पर किए हस्ताक्षर'

**टीम एक्शन इंडिया**

**अगरतला:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को उत्तरी त्रिपुरा के कुमारघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। गृह मंत्री ने इस मौके पर कहा कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में 10 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और क्षेत्र के विभिन्न राज्यों में 10,000 से अधिक विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण कर फिर से अपने जीवन की शुरूआत की। उत्तरी त्रिपुरा के कुमारघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस सरकार के दौरान, देश भर में आदिवासी विकास




के लिए कुल बजट केवल 24,000 करोड़ रुपये था और मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ रुपये कर दिया। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मु को भारत का राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले, देश में केवल 90 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय थे और पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने आदिवासी छात्रों की शिक्षा के लिए पूरे भारत में 740 ऐसे स्कूल स्थापित किए हैं।

## हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे: शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल: भारतीय जनता पार्टी** (बीजेपी) आगामी लोकसभा चुनाव के लिए धुआंधार चुनाव प्रचार में जुटी हुई है। इसी सिलसिले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर पहुंचे। मणिपुर के इंफाल में अमित शाह ने एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का मानना है कि पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। भारत विकसित तब बनेगा जब मणिपुर विकसित होगा। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार मणिपुर में वापस से शांति और पूर्वोत्तर से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए कई संगठनों के साथ शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किया है। गृह मंत्री ने बताया कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर में अत्र्ढअ प्रभावित क्षेत्रों को कम कर दिया है। अमित शाह ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं है। यह उन लोगों के बीच है जो मणिपुर को विभाजित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मणिपुर की रक्षा करना चाहती है।

**देश को इंतजार** चंद्रयान तीन में अच्छी लैंडिंग के बाद अब अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने भी अपनी रुचि इसरो में दिखाना शुरू कर दी

## चंद्रयान-4 की तैयारी: 'इसरो बनाएगा लैंडर और जापान देगा रोवर मॉड्यूल'

**टीम एक्शन नइंडिया**

**हमीरपुर:** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां भी इसरो (इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन) से प्रभावित हैं। वे भी इसमें रुचि दिखा रही हैं। अब चंद्रयान-4 में जो लैंडर मॉडयूल होगा वह इसरो बनाएगा और जापान की स्पेस एजेंसी जाक्सा रोवर मॉड्यूल बनाएगी। यह बात एनआईटी हमीरपुर में इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर ने एनआईटी हमीरपुर के वार्षिक टेक फेस्ट निंबस कार्यक्रम में कही। इसमें इसरो के वैज्ञानिक भी आए हैं। फेस्ट में इंजीनियरिंग कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां जब आपस में



कार्य करती हैं तो बहुत कुछ सीखने को मिलता है। समनीत ठाकुर जिला बिलासपुर के बरठीं के रहने वाले हैं और बरठीं से ही उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। उन्होंने कहा कि बचपन से ही देश के लिए कुछ अलग करने की इच्छा थी। स्पेस विज्ञान का इस्तेमाल आम आदमी के जीवन में बहुत सहायता करता है। इसरो प्लेनेटरी मिशन में चुनौती और सफलताएं दोनों होती हैं।

**बढ़ावा**

8 मेहनत एस्ट्रोनॉट बनने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। रोज एक ही चीज करने से कार्य के प्रति उदासीन नहीं होना चाहिए : समनीत

**चंद्रयान-2 की विफलताओं से मिली सफलता:** उन्होंने कहा कि चंद्रयान दो में लैंडर विक्रम से संपर्क टूटने के बाद इसरो में प्लान बनाया कि संपर्क टूटने के क्या कारण थे। कहां कमी थी और कहां और कार्य किया जाना है। अच्छे से मूल्यांकन के बाद लैंडिंग मॉड्यूल को री-डिजाइन किया गया। इसके बाद इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने वैज्ञानिकों से कहा कि असफलता को सफलता में बदलने के बारे में सोचो। इससे हमें मनोबल मिला। इसी मनोबल से चंद्रयान तीन में लैंडर विक्रम और प्रज्ञान रोवर में सफलता मिली। चंद्रयान तीन में अच्छी लैंडिंग के बाद अब अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने भी अपनी रुचि इसरो में दिखाना शुरू कर दी है। एस्ट्रोनॉट बनने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों से समनीत कहते हैं कि मेहनत और धैर्य एस्ट्रोनॉट बनने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। रोज एक ही चीज करने से उस कार्य के प्रति उदासीन नहीं होना चाहिए।

## 21 रिटायर्ड जजों ने चीफ जस्टिस को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के 21 रिटायर्ड जजों के एक समूह ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कुछ गुटों द्वारा सोचे-समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के माध्यम से न्यायपालिका को कमजोर करने की बढ़ती कोशिशों का जिक्र किया है। ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं और न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, रिटायर्ड जजों ने उन घटनाओं के बारे में नहीं बताया, जिनके कारण उन्हें सीजेआई को पत्र लिखना पड़ा। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश



**पत्र में क्या**

8 गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के माध्यम से न्यायपालिका को कमजोर करने की बढ़ती कोशिशों का जिक्र

माहेश्वरी और एम आर शाह सहित सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया। इन समूहों द्वारा अपनाई गई रणनीति बेहद परेशान करने वाली है। उद्देश्यहीन सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार से लेकर प्रत्यक्ष और गुप्त कार्यों में संलिप्त होकर न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को धूमिल करना, न्यायिक परिणामों को अपने पक्ष में प्रभावित करने का प्रयास इनमें शामिल है। हम देखते हैं कि यह व्यवहार विशेष रूप से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक महत्व के मामलों और कारणों में स्पष्ट होता है, जिसमें कुछ व्यक्तियों से जुड़े मामले भी शामिल हैं, जिनमें न्यायिक स्वतंत्रता की हानि के लिए वकालत और पैंतरेबाजी के बीच की रेखाएं धुंधली हो जाती हैं।

## उत्तर रेलवे

ई–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से
निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम: सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली/लाईन के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवन के रखरखाव का वार्षिक जोन कार्य। | |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये): Rs. 98,96,450.51/- (मात्र अट्ठानवे लाख छियानवे हजार चार सौ पचास और इक्यावन पैसे) | |
| 3 | बयाना राशि (रूपये): Rs. 1,97,900/- (एक लाख सत्तानवे हजार नौ सौ रुपये) | |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 03.05.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04–400–32 |

- ठेकेदारों को ई–टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं:128–W/280/इ–निविदा सूचना/13/2024–25/W–3 दिनांक: 12.04.2024
1119/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एम्स में दिल और न्यूरो की बीमारियों के लिए बनेगा सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी ब्लॉक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** एम्स में कार्डियक व न्यूरो (सीएन) सेंटर की ओपीडी सेवा में विस्तार के लिए मस्जिद मोठ के पास नया सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी ब्लॉक बनेगा। जिसमें दिल व न्यूरो की बीमारियों की ओपीडी सेवा संचालित की जाएगी।

**ओपीडी से होगी चार गुना अधिक जगह:** इस सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी ब्लॉक के निर्माण के लिए एम्स टेंडर प्रक्रिया शुरू कर चुका है। करीब दो वर्ष में यह बनकर तैयार हो जाएगा। तब दिल व न्यूरो की बीमारियों के मरीजों के लिए ओपीडी में वर्तमान ओपीडी से चार गुना अधिक जगह उपलब्ध हो सकेगी। इससे मरीजों को राहत मिलेगी।

**सीएन सेंटर प्रशासन को जारी किया आदेश:** एम्स प्रशासन ने हाल ही में एक आदेश में सीएन सेंटर प्रशासन को जारी किया है। साथ ही सीएन सेंटर की ओपीडी सेवा में सुधार के लिए तीन अन्य विकल्प भी दिए हैं। इसके तहत नए सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी ब्लॉक का निर्माण पूरा होने तक सीएन सेंटर की ओपीडी को मस्जिद मोठ स्थित नए ओपीडी ब्लॉक के छठी मंजिल पर स्थायी तौर पर स्थानांतरित किया जा सकता है। एम्स प्रशासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सीएन सेंटर की ओपीडी 25 हजार वर्ग मीटर जगह में चल रही है। जगह की कमी के कारण मरीजों को परेशानी होती है।

# पंचशील ग्रींस वन सोसाइटी में लावारिस कुत्तों की संख्या बढ़ने से निवासियों में खौफ

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेनो वेस्ट की पंचशील ग्रींस वन सोसाइटी में लावारिस कुत्तों की संख्या बढ़ने से निवासियों में खौफ है। सुबह-शाम के समय टहलने के दौरान निवासी हाथ में डंडा लेकर चलने को मजबूर हैं। आरोप है कि मेंटेनेंस टीम लावारिस कुत्तों को सोसाइटी में आने से रोक नहीं रही है। तादाद बढ़ने पर कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे हैं। निवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर लावारिस कुत्तों से निजात नहीं दिलाई तो फिर एओए और प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। निवासियों का कहना है कि सोसाइटी के लावारिस कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही थी। पिछली एओए ने लावारिस कुत्तों की नसबंदी कराई थी, लेकिन अब ऐसा नहीं कराया गया है।


## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

क्रमांक. 2024 / आरएस (ई)/टीएमएस / 1 नई दिल्ली, दिनांक 12/04/2024

भारतीय रेल ट्रैक मशीनों हेतु 14 नग कैटरपिलर इंजन की खरीद के लिए दिनांक 16/05/2024 को खोली जाने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा क्रमांक 2024–टीएमएस–1

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से भारतीय रेल ट्रैक मशीनों हेतु 14 नग कैटरपिलर इंजन की खरीद के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे अधिक जानकारी के लिए, निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने और अपनी ई–बोली जमा करने के लिए वेबसाइट http://ireps.gov.in पर जाएं।

निदेशक, रेलवे स्टोर्स (एफ)
(रेलवे बोर्ड)
1123/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/नई दिल्ली के अनुभाग में 2024–25 के लिए ट्रैक का वार्षिक संचालन और रखरखाव। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 1,19,93,565.83/- (एक करोड़ उन्नीस लाख तिरानवे हजार पांच सौ पैंसठ रुपये तिरासी पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 2,10,000/- (दो लाख दस हजार रुपये) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 03.05.2024 को 15:00 तक। |
| 5 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 6 | आवंटन | 04–400–32 |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं.: 128–W/280/इ–निविदा सूचना/17/2024–25/W-3 दिनांक : 12.04.2024
1121/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **सुनिल सहगल पुत्र** केवल कृष्ण सहगल **निवास:** बी–10, डब्ल्यूजेड–709, भूतल, शिव नगर, दिल्ली है, जो कि अपने घर से दिनांक 25.11.2023 को रात्रि 9:30 बजे से लापता है। जिसका ब्यौरा प्रकार है **उम्र:** 49 वर्ष, **कद:** 5'10'', **रंग:** साफ, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** सामान्य, जिसने जामुनी रंग की चैक टी–शर्ट, हल्के हरे रंग की पैंट और हवाई चप्पल पैरों में पहनी है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 70ए, दिनांक 26.11.2023 को थाना हरी नगर, दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

**थानाध्यक्ष**
**थाना हरी नगर, नई दिल्ली**
**फोन: 011-28125719, 8750871128**
DP/4165/WD/2024


## उत्तर रेलवे

इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

सं. 128-W/280/इ- निविदा सूचना/11/2024-25/W-3 दिनांक: 12.04.2024

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नई दिल्ली के अनुभाग में सेवा भवनों, स्टेशन भवन नई दिल्ली और अन्य संरचनाओं यानी एमएसआरआर, टीटीआरएच, सीपीडी सिक लाइन शेड, लोको शेड आदि की मरम्मत के लिए 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 97,77,581.26/- (मात्र सत्तानवे लाख सतहत्तर हजार पांच सौ इक्यासी रूपये छब्बीस पैसे) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 1,95,600/- (एक लाख पंचानवे हजार छह सौ रुपये) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 03.05.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
1117/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# घड़ी व्यापारी की कार में मिले 10 लाख रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** साहिबाबाद कोतवाली पुलिस ने रविवार रात हिंडन एयरफोर्स के पास घड़ी व्यापारी की वेगनआर कार में 10 लाख रुपये पकड़े हैं। दोनों लोग पूछताछ में गाड़ी में मिले कैश के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने लाखों की रकम को जब्त कर लिया है। डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि चेकिंग में टीम ने घड़ी व्यापारी विश्वास जायसवाल पुत्र राजन जायसवाल निवासी सीतामढ़ी बिहार, हाल पता बुराड़ी दिल्ली और चालक बॉबी निवासी शाहदरा दिल्ली को पकड़ा है। दोनों दिल्ली से राजनगर एक्सटेंशन में अपने दोस्त के पास जा रहे थे। टीम ने वेगनआर गाड़ी में तलाशी लेकर दस लाख रुपये की नकदी पकड़ी। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की, जिसमें व्यापारी विश्वास ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन में रहने वाले दोस्त के पास पैसे लेकर जा रहे थे। दोस्त के पिता का ट्रांसप्लांट होना है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है, लेकिन वह टीम को नकदी के बारे में कोई कागजात नहीं दे पाए।

## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** लगभग 30–35 वर्ष, **रंग:** गेंहुआ **कद:** 6', **पहचान का निशान:** ओम का टैटू दाहिने हाथ पर गुदा हुआ, **चोट का निशान:** माथे पर गहरा घाव व दाहिने कंधे पर चोट का निशान, जिसने लाल, सफेद व काले रंग की लाईनदार कमीज और स्लेटी रंग की पैंट और स्लेटी रंग की प्लास्टिक की चप्पल पहनी थी, जो केएम पोल नं. 4/31जी एस–515 सिग्नल से 4/29 जी अपलाईन के बीच मंडावली चन्दर विहार गाजीयाबाद से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर ट्रेन दुघर्टना के कारण मिला जिसे जीटीबी अस्पताल, दिल्ली में लाये जाने के तुरंत बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **डीडी नं. 16ए, दिनांक 01.04.2024 को थाना आनन्द विहार दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है।

जिसके मृत शरीर को जीटीबी अस्पताल के शवगृह में 72 घंटों के लिए रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना आनन्द विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फोन: 8750871314, 9811481762**
DP/3858/Rly/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक चढा पुत्र नरेश चढा निवासी डब्ल्यूजेड–236, ई–ब्लॉक, शकुरपुर, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **010406/21 अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक चढा** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक चढा** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **010406/21 अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी थाना केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक चढा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुश्री दिव्या अरोड़ा**
महानगर दण्डाधिकारी (उ–प)
कमरा नं. 112, प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/3432/NW/2024**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास, पुत्र:** चिराजीलाल, **पता:** ई–221–22, शकूरपुर, जे.जे. कॉलोनी, दिल्ली ने **FIR No. 642/2020, U/s 33/58 Delhi Excise Act, थाना: केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 642/2020, U/s 33/58 Delhi Excise Act, थाना: केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकास** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दिव्या अरोड़ा**
**महानगर दण्डाधिकारी, उत्तर–पश्चिम–04**
**कमरा नंबर 112, पहली मंजिल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3446/NW/2024-**
**(Court Matter)**

# गाजियाबाद में विकास के मुद्दे पर तीखी बहस

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** चुनावी रथ सत्ता का संग्राम गाजियाबाद में पहुंचा। जहां इस लोकसभा क्षेत्र के बारे में नेताओं से चर्चा की। चुनावी रथ के जरिए हर लोकसभा सीट पर हर नेता, युवाओं और महिलाओं से बाचीत की जा रही है। सीट के बारे में जाना जा रहा है। गाजियाबाद में चर्चा के दौरान कांग्रेस, भाजपा, सपा और बसपा के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। भाजपा के पूर्व मेयर आशु वर्मा ने कहा कि भाजपा का सदा एक मुद्दा रहा है वो है विकास का मुद्दा। जब हम विकास की बात करते हैं तो उसमें रोजगार अपने आप ही आ जाता है। सड़क, स्वास्थ्य, पीएम आवास योजना में विकास की बात अपने आप आ जाती है। हम दीन दयाल उपाध्याय जी के सिद्धांतों पर चलने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा था कि विकास तक होगा जब एक पंक्ति में बैठे आखिरी व्यक्ति तक विकास पहुंचेगा और वो यह महसूस करेगा। इसके बाद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के नेताओं के बातचीत की। कांग्रेस नेता ने कहा कि सपा और आम आदमी पार्टी के लोग हमारे साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

**मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) महाबीर, पुत्र उदयवीर, निवासी ए–835, कॉम्प–02 नांगलोई दिल्ली–41 (2) श्याम सुंदर पुत्र माला राम निवासी सी–192, कैंप नंबर–2, नांगलोई दिल्ली जे.जे. कॉलोनी नांगलोई दिल्ली ने FIR No. 375/2012 U/s 392/394/34 IPC, थाना सुल्तानपुरी दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) महाबीर (2) श्याम सुंदर मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) महाबीर (2) श्याम सुंदर फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है FIR No. 375/2012 U/s 392/394/34 IPC, थाना सुल्तानपुरी दिल्ली, के उक्त अभियुक्त (1) महाबीर (2) श्याम सुंदर से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 25.05.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।**

**आदेशानुसार**
**सुश्री सान्या दलाल**
**मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–01**
**कमरा नं. 102, पहली मंजिल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4349/OD/2024**

## अपहृत/गुमशुदा की तलाश



मोहम्मद फैजल

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम: मोहम्मद फैजल, पुत्र: शरीफ हुसैन, पता:** डी–130, गली नं. 2, कबीर नगर, दिल्ली, जोकि दिनांक **04.04.2024** को रात्रि 10:00 बजे अपने घर से थाना वेलकम दिल्ली के क्षेत्र से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में **DD No. 0037A dated 06.04.2024** को थाना वेलकम, दिल्ली में लापता/अपहृत की रिपोर्ट दर्ज है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है। **उम्र:** 30 साल, **कद:** 5 फुट 7 इंच, **चेहरा:** गोल, **रंग:** गेहुँआ, **शरीर:** मजबूत, **पहनावा:** स्लेटी रंग की कमीज, नील रंग की जीन्स और पैरों में चप्पल पहन रखी हैं। पुलिस के भरसक प्रयास के बावजूद अभी तक इस लापता व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जिस व्यक्ति के पास इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाइट: **http//cbi.nic.in**
ई–मेल - **cic@cbi.gov.in**
फोन: **011-24368638, 24368641**
फैक्स नं. **011-24368639**

**थानाध्यक्ष**
**थाना वेलकम, दिल्ली**
**फोन नं.: 011- 22826808, 8750870731**
**DP/4362/NE/2024**


## रेलगाड़ी संख्या 13483/84 एवं 13413/14 फरक्का एक्सप्रेस का बालुरघाट तक विस्तार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी संख्या 13483/84 एवं 13413/14 मालदा टाउन-बठिण्डा जं. -मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस का बालुरघाट तक विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

विस्तारित खंड पर 13483/84 एवं 13413/14 फरक्का एक्सप्रेस की समय-सारणी

| रेलगाड़ी सं.: 13483 बालुरघाट-बठिण्डा जं. | | रेलगाड़ी सं.: 13413 बालुरघाट-बठिण्डा जं. | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 13484 बठिण्डा जं.-बालुरघाट | | रेलगाड़ी सं.: 13414 बठिण्डा जं.-बालुरघाट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:00 | ---- | 17:00 | बालुरघाट | 09:15 | ---- | 09:15 | ---- |
| 17:33 | 17:35 | 17:33 | 17:35 | गंगारामपुर | 08:21 | 08:23 | 08:21 | 08:23 |
| 17:47 | 17:49 | 17:47 | 17:49 | बुनियादपुर | 08:06 | 08:08 | 08:06 | 08:08 |
| 18:35 | 18:37 | 18:35 | 18:37 | एकलाखी जं. | 07:10 | 07:22 | 07:10 | 07:22 |
| मालदा टाउन एवं बठिण्डा जं. के बीच समय-सारणी यथावत रहेगी | | | | | | | | |
| 19:30 | 19:40 | 19:30 | 19:40 | मालदा टाउन | 06:40 | 06:50 | 06:40 | 06:50 |
| 10:00 | ---- | 11:15 | ---- | बठिण्डा जं. | ---- | 16:25 | ---- | 15:00 |

**चलने के दिन:** **13413 बालुरघाट** से सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार को एवं **13414 बठिण्डा जं.** से सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को दिनांक 15.04.2024 से एवं **13483 बालुरघाट** से मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को तथा **13484 बठिण्डा जं.** से मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 16.04.2024 से।
**स्थान:** वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर/इकनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1128/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# राष्ट्र प्रथम की भावना से बना है संकल्प पत्र: मनोहर

## भाजपा को देश के हर व्यक्ति और हर परिवार की चिंता है, देश-दुनिया में लग रहा है मोदी है तो मुमकिन का नारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में राष्ट्र प्रथम की भावना है। मोदी की गारंटी वाला संकल्प पत्र देश के हर वर्ग और हर व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुग्राम के एक होटल में भाजपा के संकल्प पत्र पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां संकल्प पत्र के हरेक प्वाइंट्स को अच्छे से रखा और पत्रकारों के हर सवाल का जवाब बेबाकी से दिया। सबसे पहले मनोहर लाल ने भाजपा के संकल्प पत्र का उद्देश्य पत्रकारों के सामने रखते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाले संकल्प पत्र का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। भाजपा ने दस साल के शासन के दौरान हर व्यक्ति और हर परिवार की चिंता की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के



संकल्प पत्र में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी आदि चारों वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने का वादा किया है। पूर्व सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के करिश्माई नेतृत्व के कारण विश्व में भारत की साख बढ़ी है। अब तो देश और दुनिया में मोदी है तो मुमकिन का नारा लग रहा है।

पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में जनता के विकास का संकल्प है। 10 सालों से जो योजनाएं बनी हैं वे आगे भी निरंतर जारी रहेंगी। कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस ने कभी 370 को हटाने की बात तक नहीं की। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की, लेकिन मुस्लिम महिलाओं के सम्मान की बात कभी नहीं की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने तीन तलाक समाप्त कर मुस्लिम बहनों को न्याय देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को चुटकियों में हटा दिया। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य

**मोदी की गारंटी**

**8 कांग्रेस झूठ और प्रलोभन के सहारे सत्ता में आने का प्रयास कर रही है: पूर्व सीएम मनोहर लाल**

मंदिर बनाकर समाज की 500 साल पुरानी इच्छा को पूरा किया है।

भाजपा के संकल्प पत्र पर बोलते हुए मनोहर लाल ने कहा कि हमारा ज्यादा जोर फूड प्रोसेसिंग पर है। अनाज खराब ना हो इसके लिए ज्यादा से ज्यादा भंडाकरण करने की व्यवस्था की जाएगी। मोटे अनाज पर भारत का फोकस है। पूर्व सीएम ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार ने महिलाओं के जीवन को सरल और समृद्ध करने की दिशा में काम किया है। उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर और हर घर नल से जल पहुंचाकर जहां महिलाओं का जीवन सरल किया, वहीं एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया। मनोहर लाल ने कहा कि अब अगले पांच सालों में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य मोदी जी ने लिया है। मनोहर लाल ने कहा कि मोदी सरकार का अगला संकल्प घर-घर में गैस पाइपलाइन पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत की आर्थिक व्यवस्था 11वें नंबर पर थी। पीएम मोदी के नेतृत्व में अब पांचवे स्थान पर है। मोदी का लक्ष्य अगले पांच सालों में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाना है। कांग्रेस द्वारा की गई घोषणाओं पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस की बातों पर अब जनता विश्वास नहीं करती। कांग्रेस झूठ और प्रलोभन के सहारे सत्ता में आने का प्रयास कर रही है।

# मैं आपका हमसफर और हमनवाज: रणजीत सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** सिरसा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डा. अशोक तंवर ने हिसार से पार्टी प्रत्याशी रणजीत सिंह के साथ सोमवार को रानियां विधानसभा क्षेत्र के गांव मंगाला, ओटू, रानियां शहर, केहरवाला, खारियां व पन्नीवाला मोटा आदि का दौरा किया। रणजीत सिंह सोमवार को सिरसा से पार्टी प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के समर्थन में पहुंचे थे। गांव और रानियां कस्बे में दोनों नेताओं को सुनने और स्वागत के लिए प्रत्येक जनसभा में भारी भीड उमडी। डा. अशोक तंवर ने गांवों में भव्य जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में अंत्योदय का सपना पूरा हुआ है। देश की 80 करोड़ जनता को आज निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है। हिसार से भाजपा के प्रत्याशी रणजीत सिंह के संयोजन में आयोजित जनसभाओं में ग्रामीणों ने विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए सिरसा की सीट भाजपा की झोली में डालने का भी संकल्प लिया। इस दौरान डा. अशोक तंवर ने तथ्य एवं तर्क रखते हुए कहा कि पहले सरकारी सुविधाओं व योजनाओं के लिए जनता को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। आज 684 से अधिक सरकारी सेवाएं व योजनाएं ऑनलाइन हो गई हैं।

**वोट की ताकत से करें लोकतंत्र को मजबूत: रणजीत सिंह**

रणजीत सिंह ने कहा कि मैं आपके बीच सिर्फ यही कहने आया हूं कि डॉ. अशोक तंवर हमारे प्रत्याशी हैं और कमल के फूल का निशान लेकर आए हैं। सब लोग पूर्व की तरह एकजुट होकर उनके साथ लग जाएं। आप सब जिम्मेदारी के साथ अपने वोट की ताकत से लोकतंत्र को मजबूत करें। यह रहें मौजूद थे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग, रामचंद्र जांगडा व प्रताप सोलंकी उपस्थित थे।

### 'देश को अग्रणी बनाना चाहती भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है।

भाजपा शासनकाल में देश व प्रदेश का जो विकास हुआ है, उसे कोई दरकिनार नहीं कर सकता। वे सोमवार को शहर के वार्ड 6 की गली नंबर 7, टिब्बा दानाशेर व 12 क्वाटर रोड क्षेत्रों में जनसभाओं के दौरान क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे।

## न्यूज फ्लैश

### फतेहाबाद में स्कूल बसों की व्यापक जांच, नशे में मिला कॉलेज वेन का ड्राइवर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** जिला में सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने एक बड़ा अभियान चलाकर स्कूल बसों की व्यापक जांच की। जांच के दौरान नियम कायदे पूरे न करने पर पांच बसों को इम्पाउंड किया गया तथा तीन वेन के चालान काटे गए। इनमें एक कॉलेज वैन का चालक शराब के नशे में पाया गया। स्कूल संचालकों में वाहनों की जांच का इतना खौफ था कि टोहाना में निजी स्कूलों की तीन दिन की छुट्टियां घोषित कर दी गई। अनेक स्कूलों ने उन बसों को सड़क पर ही नहीं उतारा जिनके दस्तावेज पूरे नहीं थे। इन बसों में आने वाले बच्चों के अभिभावकों को स्कूल की तरफ से तड़के फोन किया गया कि वह खुद बच्चों को छोड़कर जाए और छुट्टी में स्कूल से लेकर जाए। आज चलाए गए सघन जांच अभियान के दौरान गांव बेहबलपुर स्थित एक कॉलेज की बस का चालक नशे में मिला। पुलिस ने बस को इंपाउंड कर लिया जबकि अन्य चार स्कूलों की बसों के परमिट ने होने व फिटनेस सर्टिफिकेट न होने के कारण इंपाउंड किया गया। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन टोहाना के पदाधिकारी बलदेव सैनी ने बताया कि आरटीओ द्वारा निजी स्कूल बसों पर 27 कड़े नियम लागू किये गए है। जिसके विरोध में टोहाना के निजी स्कूल 3 दिन तक बंद रहेंगे।

### झज्जर में युवक की लाठी-डंडो से पीटकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर:** बहादुरगढ़ की कबीर बस्ती में एक युवक की लाठी डंडों से पीट कर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप मृतक के दोस्तों पर लगा है। आरोप है कि मृतक के दोस्त उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए। घटना रविवार रात की है। मृतक के भाई की शिकायत पर थाना शहर पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ नामजद अभियोग दर्ज किया है सभी फरार है। मृतक के भाई आयुष निवासी कबीर बस्ती ने पुलिस को बताया कि उसका भाई करण (29) मेहनत मजदूरी का काम करता था और दुर्गा कॉलोनी निवासी अनिल के पास दो साल से रह रहा था। अनिल की नागरिक अस्पताल के पीछे परचून की दुकान है। वह नशे का कारोबार भी करता है। उन्हें 14 अप्रैल की शाम पता चला कि उसके भाई करण को कुछ लोग सिविल अस्पताल में लेकर गए है। उसे चोट लगी हुई है। जांच के दौरान चिकित्सकों ने करण को मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि जो लोग उसे अस्पताल लेकर गए थे वह उसे वहीं पर छोड़कर फरार हो गए। इसी दौरान अस्पताल की तरफ से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की गई। देर रात परिजन करण को ढूंढते हुए अस्पताल पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए। मृतक करण के भाई आयुष ने अनिल, सोनू, मोनू, राजू निवासी दुर्गा कॉलोनी, नवीन, रितिक निवासी नई बस्ती और सुधीर पर उसकी जान लेने का आरोप लगाया है। मृतक कारण के भाई आयुष ने बताया कि वह नागरिक अस्पताल के पीछे परचून की दुकान चलाने वाले अनिल के पास पहुंचा। वहां पर लोगों से पूछा तो पता चला कि अनिल व अन्य छह युवकों ने मिलकर करण की लात घूसों और लाठी डंडों से पिटाई की है। जिससे उसकी जान चली गई और बाद में यही सब करण को अस्पताल में छोड़कर भाग गए। आयुष ने बताया कि करण की कमर, पांव व शरीर के अन्य कई अंगों पर चोट के निशान है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मृतक करण के भाई आयुष की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ नामजद अभियोग दर्ज किया गया है। वे सभी फरार है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा

### स्कूल बसों के चालान करने से नाराज निजी स्कूल संचालकों ने किया रोष प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

कैथल: महेंद्रगढ़ जिले में हुए निजी स्कूल बस हादसे के बाद आरटीए विभाग की ओर से निजी स्कूलों की बसों की जांच कर कार्रवाई करने के विरोध में सोमवार को सभी स्कूल बंद रखे। निजी स्कूल संचालकों ने लघु सचिवालय के बाहर रोष प्रदर्शन किया और एडीसी को अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। एडीसी ने अधिकारियों से बात कर उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है। एक दिन पहले बैठक कर बनाई गई तीन दिन की हड़ताल करने की रणनीति के अनुसार सोमवार को स्कूल संचालक लघु सचिवालय के प्रांगण में इकट्ठे हुए। स्कूल संचालकों ने स्कूल बसों पर आरटीआई विभाग की कार्रवाई को गलत बताया और प्रदर्शन किया।

# बेटे के चुनाव प्रचार की कमान संभाल रही हैं सावित्री जिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** कुरुक्षेत्र लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार पूर्व सांसद नवीन जिंदल के चुनाव प्रचार की कमान उनकी मां सावित्री जिंदल संभाल रही हैं। नवीन जिंदल के देश से बाहर होने के बावजूद उनके समर्थन में इलाके में जनसभाएं कर वोट की अपील सावित्री जिंदल ही कर रही हैं। सोमवार को पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल कस्बा ढांड में सेवानिवृत्त प्रिंसिपल नफे सिंह कसाना के प्रतिष्ठान पहुंची और एक सभा को संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने उनका स्वागत किया। सभा में बोलते हुए सावित्री जिंदल ने कहा कि 30 साल पहले पूर्व मंत्री ओ.पी. जिंदल ने कैथल से उनका नाता जोड़ा



था, जिसे निभाने के लिए वह सदैव तत्पर हैं और अपने पिता स्व. ओ.पी. जिंदल के दिखाए मार्ग पर चलते हुए 2 बार कुरुक्षेत्र से सांसद रहते हुए नवीन जिंदल ने दिन रात जनता की सेवा की है। उनके द्वारा करवाए गए कार्यों के लिए आज भी नवीन जिंदल को हर घर में याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है और हर वर्ग के आशीर्वाद से नवीन जिंदल रिकार्ड तोड़ मतों से जीत हासिल करेंगे। भाजपा नेत्री सावित्री जिंदल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के विकास में नए आयाम स्थापित करेंगे और देश व प्रदेश में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की विकास की राह में अपनी एक अलग पहचान होगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल मोदी-नायब के कुशल नेतृत्व में जनता के आशीर्वाद से रिकार्ड तोड़ मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक चौ. तेजवीर सिंह, प्रो. दिनेश कौशिक, पूर्व सरपंच पवन कसाना, पूर्व सरपंच प्यारे लाल, जसबीर सोलूमाजरा भी मौजूद थे।

# पासिंग व फिटनेस चेकिंग करवाने को लगी स्कूल बसों की कतारें

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** कनीना स्कूल बस कांड के बाद प्रशासन द्वारा बरती जा रही सख्ती से स्कूल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इसका नतीजा यह रहा कि आज भारी संख्या में स्कूल बसें फिटनेस चेकिंग व पासिंग के लिए हुडा ग्राऊंड में पहुंच गईं। तीन दर्जन से ज्यादा बसें लाइनों में लग गईं, लेकिन हैरानी जनक बात रही कि सोमवार को दोपहर दो बजे तक 20 से ज्यादा बसों में मात्र 2-3 बसें ही पास हो सकीं। अधिकतर बसें छोटी से लेकर बड़ी खामियों के चलते रिजेक्ट कर

**सख्ती**

**8 आज भारी संख्या में स्कूल बसें फिटनेस चेकिंग व पासिंग के लिए हुडा ग्राऊंड में पहुंच गई**

दी गईं। ज्यादा संख्या में बसें आने के कारण पासिंग के लिए आम लोग काफी परेशान दिखे, क्योंकि उनका ही नंबर नहीं लगा। आरटीए कार्यालय के अधिकारियों ने क्रमवार सभी बसों को तसल्ली से चेक किया।

# दुकानों में लगी आग, लाखों का नुकसान


**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** फरीदाबाद स्थित पल्ला पुल के समीप सोमवार को दुकानों में भयंकर आग लग गई। घटना सोमवार सुबह की है। आग की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की 3 गाडि?ां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। साथ ही आग की सूचना पुलिस को भी दी गई। जानकारी अनुसार सोमवार सुबह जब लोग पल्ला पुल के समीप से गुजर रहे थे तो उनको दुकान से धुआं उठते हुए देखा। कुछ देर बाद ही आग भडक गई और आसपास की दुकानों को भी चपेट में ले लिया। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास भी किया। लेकिन आग लगातार फैलती गई।

# यमुनानगर में स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा, एक की मौत, छह घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** नारनौल हादसे में छह बच्चों की मौत के बाद भी स्कूल संचालक सबक लेने को तैयार नहीं है। यमुनानगर शहर के व्यस्त कमानी चौक पर सोमवार दोपहर स्कूली बच्चों से भरे ऑटो और बाइक की टक्कर से ऑटो पलट गया। जिसमें तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली हिमानी की मौत हो गई। जबकि अन्य छह बच्चों को मामूली चोटें आई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। वहीं बाइक चालक को भी पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले



लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोमवार दोपहर को एस.डी.पब्लिक स्कूल वर्कशॉप में पढ़ने वाली हिमानी स्कूल की छुट्टी के बाद अन्य बच्चों के साथ ऑटो में बैठकर अपने घर वीना नगर जा रही थी। कमानी चौक पर बच्चों से भरा ऑटो लाल बत्ती जंप करके निकल रहा था। इसी बीच ऑटो और बाइक की टक्कर हो गई। जिससे ऑटो पलट गया और हिमानी ऑटो से सड़क पर जा गिरी। जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा।

# कोर्ट आदेश पर दहेज हत्या के आरोप में छह पर केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** पलवल में शादी के बाद विवाहिता की उसके पति की गैर मौजूदगी में ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया, तो उसके पिता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर कैंप थाना पुलिस ने करीब चार महीने बाद अब छह नामजद के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जिला गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) के ढूंडेरा गांव निवासी राजेंद्र ने कोर्ट में दायर इस्तगासा में कहा कि उसने अपनी बेटी सुन्दरी की शादी 23 अप्रैल 2017 को सल्लागढ़ पलवल निवासी राजकुमार के साथ की थी।

**न्याय की आस**

**8 एसपी को लिखित शिकायत दी, उस पर भी कार्रवाई नहीं हुई तो अब उन्हें कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा**

राजकुमार सीआरपीएफ में नौकरी करता है और फिलहाल जम्मू-कश्मीर में तैनात है।

पिता का आरोप है कि उसकी बेटी का देवर संजय, कपिल, देवरानी नीतू, ससुर किशन, सास रवि व बुआ सास शशी दहेज से संतुष्ट नहीं थे और दहेज की मांग कर उसकी बेटी को परेशान करते थे। पीडित अपनी पत्नी के साथ बेटी के ससुराल पलवल गया और उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने, बल्कि उनके साथ भी गाली-गलौज कर वापस भेज दिया। उसने अपने दामाद से फोन पर बात की तो उसने कहा कि वह आकर अपने परिवारवालों को समझा देगा। अपनी बेटी सुन्दरी के साथ रोज-रोज हो रहे क्लेश की वजह से अपनी छोटी बेटी मुस्कान को सुन्दरी के पास भेज दिया। मुस्कान ने फोन पर बताया कि दीदी को अपने पास बुला लो, ये लोग दीदी को जान से मारने की योजना बना रहे हैं। इसके बारे में उसने अपने दामाद राजकुमार को फोन पर बताया तो उसने कहा कि कुछ दिन की छुट्टी लेकर आऊंगा, फिर किराए पर मकान लेकर दूसरी जगह मकान दिलाकर अलग रख दूंगा। लेकिन जब उसकी छोटी बेटी मुस्कान कॉलेज चली गई और सुन्दरी की पांच वर्षीय बच्ची माव्या स्कूल गई हुई थी तो पीछे से आरोपियों ने उसकी बेटी सुन्दरी का तकिये से मुंह दबाकर हत्या कर दी। ये वारदात नवंबर 2023 में हुई थी। इसकी शिकायत पिता ने कैंप थाना पुलिस को दी तो पुलिस ने आरोपियों से मिली भगत कर मुकदमा दर्ज नहीं किया और उन्हें झूठा आश्वासन देकर टाल दिया कि सुन्दरी का बिसरा जांच के लिए एफएसएल मधुबन भिजवा दिया है, जैसे ही रिपोर्ट आ जाएगी कार्रवाई करेंगे। इसके बाद उन्होंने एसपी को लिखित शिकायत दी, उस पर भी कार्रवाई नहीं हुई तो अब उन्हें न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

# केजीपी एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने ड्राइवर को कुचला, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रक ने दूसरे ट्रक के चालक को कुचल दिया। ट्रक के टायरों के नीचे आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक के अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) के झील की पुलिया निवासी दीपक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका भाई आशु कुमार ट्रक चलाता है। रविवार की रात आशू ट्रक लेकर गया था। रविवार की देर रात उसका भाई आशु केजीपी एक्सप्रेस-वे पर

**जांच जारी**

**8 ट्रक के अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया**

अपने ट्रक को साइड़ में खड़ा कर शौच कर रहा था। तभी पीछे से गाजियाबाद की तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसके भाई को कुचल दिया। इससे उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपित चालक ट्रक को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया।

# फरीदाबाद: खुशियां में पसरा मातम, कुंआ पूजन पर हुई पिता की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** फरीदाबाद में एक व्यक्ति की 11 हजार वोल्टेज वाली लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं, उसका बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान इनके घर पर खुशियों का माहौल था। इनके यहां करीब 12 साल बाद एक बेटे ने जन्म लिया था। इसी उपलक्ष्य में घर पर कुआं पूजन का कार्यक्रम रखा गया था। इस घटना के बाद खुशियों को गम में बदलने में देर न लगी। खुशी के कार्यक्रम में शामिल होने आए रिश्तेदारों को भी मातम मनाना पड़ गया। वहीं, लोगों का आरोप यह भी है कि यह हादसा

**कुआं पूजन**

**8 12 साल बाद एक बेटे ने जन्म लिया था। घर पर कुआं पूजन का कार्यक्रम रखा गया था**

बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हुआ है। घटना फरीदाबाद के महावतपुर गांव की है। ग्रामीणों के अनुसार, किसान सुरेंद्र उर्फ लीलू (42) और उनके बड़े भाई वेदराम (62) खेतों में कंपास मशीन से गेहूं कटवा रहे थे। इसी दौरान खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर उन्हें जोरदार करंट लगा। इससे सुरेंद्र और वेदराम बुरी तरह झुलस गए। मौके पर मौजूद लोग फौरन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं, वेदराम की हालत नाजुक बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना की जानकारी लोगों ने सुरेंद्र के घर पर तुरंत नहीं दी थी। वे सुरेंद्र और वेदराम को लेकर सीधे अस्पताल पहुंच गए थे। क्योंकि, सुरेंद्र के घर पर कुआं पूजन कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी।

# सलमान के घर फायरिंग का आरोपी विशाल चोरी करके अपराध की दुनिया में पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** मुम्बई में फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने में तार गुरुग्राम से भी जुड़े हैं। यहां से इसलिए कि फायरिंग करने वाले युवकों में एक युवक विशाल उर्फ कालू भी बताया गया है। वह गुरुग्राम का रहने वाला है। घटना के कुछ समय बाद से ही विशाल के परिजनों तक गुरुग्राम, दिल्ली पुलिस पहुंच चुकी थी। परिजनों ने पुलिस द्वारा धमकी देने का आरोप भी लगाए हैं। सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग के तार गुरुग्राम से भी जुड़ गए हैं। बाइक सवार दोनों युवकों में से एक युवक विशाल उर्फ कालू गुरुग्राम के महावीरपुरा का रहने वाला बताया गया है। रात को ही गुरुग्राम व दिल्ली पुलिस ने उसके घर पर



पहुंचकर पूछताछ की। सोमवार को विशाल उर्फ कालू की बहन बरखा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि रात 10 बजे पुलिस उनके घर पर आई थी। पुलिस का व्यवहार सही नहीं था। वे धमकी दे रहे थे कि उनके सिर में गोली मारेंगे। मात्र 27 साल का विशाल चार भाई-बहनों में सबसे छोटा है। उसकी बहन बरखा ने बताया कि उनके पास जो पुलिस वाले आए, उन्होंने कहा कि एसटीएफ डीएलएफ फेज-1 से आए हैं। अपना नंबर भी देकर गए हैं। बरखा के मुताबिक उसका भाई विशाल किसी से कुछ नहीं बोलता था। पूरे मोहल्ले में उसके बारे में पूछ सकते हैं। जब से महावीरपुरा में विशाल उर्फ कालू के बारे में जानकारी मिली है, क्षेत्र में उसकी की चचाएं हो रही हैं।

**तार जुड़ें**

**8 चोरी के केस में जेल जाने पर गैंगस्टर रोहित गोदारा से हुई मुलाकात, रोहित बिश्नोई के लिए करता है काम**

**रोहतक में कारोबारी सचिन की हत्या में भी विशाल का हाथ:** बताया जा रहा है कि विशाल उर्फ कालू गुरुग्राम के स्क्रेप कारोबारी सचिन की रोहतक में 29 फरवरी 2024 को एक होटल पर हत्या के मामले में भी शामिल था। रोहतक की घटना के दो दिन पूर्व 27 फरवरी को वह गुरुग्राम अपने घर पर आया था। विशाल की पहचान होने के बाद मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने गुरुग्राम पुलिस से भी संपर्क किया है। रोहतक क्राइम ब्रांच ने कारोबारी सचिन की हत्या में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ में ही विशाल का नाम भी सामने आया। सचिन की हत्या के बाद से रोहतक पुलिस को भी विशाल की तलाश है। अब विशाल की तलाश में मुंबई पुलिस भी जुट गई है। अपराध की दुनिया में एक चोरी से विशाल की शुरूआत हुई थी। इस केस में वह जेल गया था। जेल में उसकी मुलाकात राजस्थान के गैंगस्टर रोहित गोदारा से हुई और वह रोहित गोदारा के लिए अपराध की दुनिया में काम करने लगा। रोहित गोदारा स्वयं लॉरेन्स बिश्नोई के लिए काम करता है।

# बाढ़ राहत प्रशिक्षण की अहमियत को समझकर प्रशिक्षार्थी को गंभीरता से लेना होगा: सचिव

### गत्त वर्ष प्रदेश में बाढ़ के कारण लगभग 47 लोगों ने अपनी जान गवाई। इसलिए प्रशिक्षण शिविर की अहमियत को समझने की जरुरत

**प्रशिक्षण**

8 बाढ़ के समय घरेलू समान का प्रयोग कर लोगों की जान बचाने के तौर तरीकों की बारीकियों से अवगत करवाया जा रहा है




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा के सचिव एस नारायणन (आईएफएस) ने कहा कि बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर में एक-एक प्रशिक्षणार्थी को गंभीरता के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करना है। यह प्रशिक्षण शिविर कर्मचारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां से प्रशिक्षण ग्रहण करने के उपरांत कहीं पर भी आने वाली आपदा में किसी की जान को बचाया जा सकता है। अहम पहलू यह है कि गत्त वर्ष प्रदेश में बाढ़ के कारण लगभग 47 लोगों ने अपनी जान गवाई। इसलिए इस प्रशिक्षण शिविर की अहमियत को समझने की जरुरत है। सचिव एस नारायणन सोमवार को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन के तत्त्वाधान में ब्रहमसरोवर पर आयोजित 6 दिवसीय राज्यस्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर के उदघाटन अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले सचिव एस नारायणन, उपायुक्त शांतनु शर्मा, एडीसी डा. वैशाली शर्मा, एसडीएम सुरेंद्र पाल, जिला राजस्व अधिकारी विकास सिंहरोहा ने ब्रहमसरोवर में नौकाओं को हरी झंडी देकर व दीप प्रजवलित कर विधिवत रूप से 15 से 20 अप्रैल 2024 तक चलने वाले राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन किया। प्रदेश भर से आए करीब 150 प्रशिक्षणार्थियों को अपना संदेश देते हुए सचिव ने कहा कि इस राज्यस्तरीय प्रशिक्षण शिविर में हर वर्ष प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को फिर से तरोताजा करने के लिए मास्टर ट्रेनर्ज को आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने कहा इस शिविर में विभिन्न विभागों के कर्मचारी सामान्य डयूटी से हटकर आपातकालीन स्थिति में लोगों की रक्षा करने के लिए प्रशिक्षण लेने के लिए आए हैं। यहां पर सभी कर्मचारी अपने आप दिली तमन्ना से समाजसेवा के लक्ष्य को जहन में रखकर पहुंचे हैं। इन कर्मचारियों के जज्बे को लफ्जों में ब्यान नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपने नजरिए को और आगे बढ़ाएं तो समाज उनको उतना ही बड़ा दिखाई देगा। समाज में अनेकों ऐसी कुरीतियां या समस्याएं नजर आएंगी, जिनका समाधान कर-के आत्म संतुष्टि की अनुभूति होगी। सभी को इस प्रशिक्षण शिविर में पूरी मेहनत, लग्न, ईमानदारी के साथ प्रशिक्षण लेना है और प्रशिक्षण लेने के उपरांत आपातकालीन स्थिति में अपने दायित्व का निर्वाह करना है। आपदा के समय किसी का जीवन बचाना समाज की सबसे बड़ी सेवा है। इस बड़ी सेवा के लिए विभाग की तरफ से प्रशिक्षाणार्थियों को बाढ़ के समय घरेलू समान का प्रयोग कर लोगों की जान बचाने के तौर तरीकों की बारीकियों से अवगत करवाया जा रहा है।

# नमो-नमो संगठन ट्रस्ट द्वारा शिव शक्ति महायज्ञ में हुई मां कालरात्रि की पूजा

**अनुष्ठान**

8 कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में चल रहे अनुष्ठान में यजमानों ने आहुतियां दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र :** नमो नमो संगठन ट्रस्ट द्वारा चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में करवाए जा रहे श्री शिव शक्ति महायज्ञ में मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा हुई। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अंकुश गुप्ता ने बताया कि कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में चल रहे अनुष्ठान में यजमानों ने आहुतियां दी। जनकल्याणार्थ करवाए जा रहे इस अनुष्ठान की अध्यक्षता नमो नमो संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बारना ने की जबकि 52 शक्तिपीठों के प्रतीकस्वरूप कन्याओं का पूजन महासचिव पंडित राजेश मौदगिल परिवार द्वारा किया गया। मुख्य यजमानों शिवकुमार सैनी,सुरेश सैनी,रघुबीर और नरेश सैनी बिशनगढ़ परिवार द्वारा विधि विधान से मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा की गई। माँ दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की व्याख्या करते हुए महंत रूद्रपुरी महाराज ने कहा कि देवी पार्वती ने शुंभ और निशुंभ नाम के राक्षसों का वध करने के लिए अपनी बाहरी सुनहरी त्वचा को हटा कर देवी कालरात्रि का रूप धारण किया। कालरात्रि देवी पार्वती का अति-उग्र रूप है।

देवी कालरात्रि का रंग गहरा काला है। अपने क्रूर रूप में शुभ या मंगलकारी शक्ति के कारण देवी कालरात्रि को देवी शुभंकरी के रूप में भी जाना जाता है। इस अवसर पर महिला श्रद्धालुओं द्वारा कीर्तन में मधुर भजन सुनाए गए। मां दुर्गा आरती में अमन शर्मा,वंदन जैन,दिनेश जिंदल,एडवोकेट गौरव शर्मा,बालकृष्ण शर्मा,पृथ्वी शर्मा, गोपाल शर्मा,मोहनीश,रोशन देवी,ब्रह्मचारिणी योशिका सैनी,सीमा गुप्ता,रामकली,सुनीता,नीलम, भगवंती देवी,सरला,रक्षित और हर्षित सहित जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट के कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल मे हर्षोल्लास से मनाई गई अम्बेडकर जयंती

**प्रकाश डाला**

8 वैसाखी का त्यौहार मनाने के कई कारण है, विस्तार से बताया व डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे वैसाखी का पर्व व डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के सीनियर विंग मे छात्रों ने वैसाखी के पर्व पर विचार प्रस्तुत किये कि वैसाखी का त्यौहार मनाने के कई कारण है, विस्तार से बताया व डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। छात्रों द्वारा पंजाबी गीत व नृत्य प्रस्तुत करते हुए वैसाखी उत्सव मनाया। कक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों ने अपने नृत्य के माध्यम से भिन्न-भिन्न पंजाबी सभ्यता को दशार्या। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने छात्रों को वैसाखी पर्व की बहुत बहुत बधाई दी। जूनियर विंग मे भी वैसाखी का पर्व नन्हे मुन्हे छात्रों द्वारा बड़े उत्साह से मनाया गया। विद्यालय की अर्थ शास्त्र की विभगाध्यक्ष श्रीमती नीना सूरी का फुलकारी पहना कर स्वागत किया, तत्पश्चात छोटे-छोटे छात्रों द्वारा वैसाखी पर्व पर कवितायें प्रस्तुत की गई। नन्हे-मुन्हे छात्र रंग-बिरंगी पोशाकों मे बहुत ही मन भावन लग रहे थे। वैसाखी पर्व पर श्रीमती नीना सूरी ने बच्चो को इस पर्व का महत्व समझाया व बच्चो के नृत्य व कविताओं की प्रशंसा की। ये सभी कार्यक्रम विद्यालय के कोर्डिनेटर अमिता अरोड़ा, सुदेश व वंदना व विवेकानंद सदन की इंचार्ज संगीता व सरिता के दिशा निर्देशन मे संपन्न हुए।

## सामाजिक कुरीतियों से दूर रहें: कमलेश राय

**हिसार:** ज्योति सावित्री बाई फुले महिला मंच व गरीब बच्चों को शिक्षा दिलवाने में अग्रसर गली क्लासेज संस्था के संयुक्त तत्वाधान में शिव कॉलोनी में डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर व डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से अंबेडकर जयंती मनाई गई। मंच की अध्यक्षा कमलेश राय ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष और आज की शिक्षा के महत्व के बारे में अपने विचार रखे और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए चलाई जा रही मुहिम के बारे में बताया। गली क्लासेज संस्था के संचालक अजय ने गरीब बच्चों की दिलवाई जा रही शिक्षा व उनकी उपलब्धियां तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। सावित्री बाई फुले सिलाई केंद्र पर प्रशिक्षण लेने वाली लड़कियों को प्रमाण पत्र व गरीब बच्चों को स्टेशनरी का सामान तथा फल वितरित किए गए।

# 'बस हादसे में मारे गए व घायल बच्चों को जल्द मिले मुआवजा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** जजपा के पूर्व जिला महासचिव जरनैल सिंह मोहड़ी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग की है कि राज्य के महेंद्रगढ़ जिले में हुए बस हादसे में मारे गए बच्चों के परिवारों को 50 लाख तथा घायल बच्चों को 10 लाख तक का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस हादसे से प्रत्येक अभिभावक का दिल सहमा हुआ है। वह भगवान से प्रार्थना करते हैं कि इस प्रकार के हादसों से हर किसी की रक्षा करें ताकि सभी अपने गंतव्य घर सुरक्षित पहुंचे। हालांकि इस हादसे में स्कूल प्रशासन व ड्राइवर की लापरवाही सामने आ रही है दूसरी ओर परिवहन की पॉलिसीयों में भी सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए और भविष्य में हरियाणा के किसी माता-पिता को ऐसी दिक्कत न झेलनी पड़े इसके लिए तुरंत प्रभाव से सभी स्कूल बसों में स्पीड गवर्नर लगाए।

**रणनीति**

8 प्रार्थना करते हैं कि इस प्रकार के हादसों से हर किसी की रक्षा करें ताकि सभी अपने गंतव्य घर सुरक्षित पहुंचे

## संक्षिप्त खबरें

### ऑस्ट्रेलिया की धरती पर नवरात्रों में गूंजे मां भगवती के भजन



**टीम एक्शन इंडिया दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारत की भांति विदेश में भी नवरात्रों की धूम है। ऑस्ट्रेलिया में तो आजकल मां भगवती के जागरण, माता की चौकी एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। विदेश में भी बसे बहुत से भारतीय नवरात्र व्रत कर रहे हैं। नवरात्रों में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे कर्ण शर्मा तथा उसके साथियों सन्नी डाबरा व निशांत खैंची इत्यादि ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में पहली बार हरियाणवी कलाकार प. ईश्वर शर्मा और हेमंत शर्मा ने माता की चौकी में मां भगवती की भेंटों का गुणगान किया। इस कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या अप्रवासी भारतीय शामिल हुए व मां की भेंटों की मस्ती में झूमे। नवरात्रों पर ऑस्ट्रेलिया में द विलेजर्स म्यूजिक ग्रुप ने माता की चौकी कार्यक्रम का आयोजन पर्थ शहर के जाला राम सनातन मंदिर और कम्युनिटी सेंटर में किया गया। इसमें हरियाणा के भजन गायक प. ईश्वर शर्मा सिरसल वाले और उनके बेटे हेमंत शर्मा मां भगवती का गुणगान करने ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। कुरुक्षेत्र से जाकर ऑस्ट्रेलिया में सफल व्यवसाय स्थापित करने वाले कर्ण शर्मा व उसके साथियों ने विशेष सहयोग किया। इसके अलावा दूसरी मां भगवती चौकी का कार्यक्रम ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के श्री दुर्गा टेंपल में किया गया जिस का आयोजन अमित चौधरी, केसी सीधपुरिया, मेघराज दहिया, नीरज और हरियाणा के युवाओं ने किया।

### विभिन्न एजेंसियों ने अब तक खरीदी 62 हजार 225 एमटी गेहूं: शांतनु

**टीम एक्शन इंडिया दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि गेहूं खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल 62 हजार 225 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। इस जिले में खरीद केन्द्रों पर गेहूं की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। इन खरीद केन्द्रों पर किसान अपनी फसलों को लेकर अपने निर्धारित शैडयूल के अनुसार खरीद केन्द्रों पर पहुंच रहे है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर कहा कि खरीद केन्द्रों पर 14 अप्रैल 2024 तक खरीद एजेंसियां द्वारा 62 हजार 225 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है, जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 35147 एमटी, हैफेड द्वारा 26693 एमटी, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 331 व ट्रेडर्स द्वारा 54 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि अजराना कला मंडी में 157 एमटी, अमीन मंडी में 410 एमटी, बाबैन मंडी में 4070 एमटी, बारना मंडी में 42 एमटी, भौर सैयदां मंडी में 444 एमटी, बोधनी मंडी में 135 एमटी, चढ़ुनी जाटान मंडी में 261 एमटी, गुमथला गढ़ु मंडी में 553 एमटी, इस्माईलाबाद मंडी में 5883 एमटी, झांसा मंडी 312 एमटी, कराह साहिब मंडी में 2185 एमटी, कुरुक्षेत्र मंडी में 15815 एमटी, लाडवा मंडी में 7508 एमटी, लुखी मंडी में 89 एमटी, मलिकपुर मंडी में 216 एमटी, नीमवाला में 454 एमटी, पिहोवा मंडी में 11034 एमटी, पिपली मंडी में 5065 एमटी, शाहबाद मंडी में 6338 एमटी, थाना मंडी में 456 एमटी, ढोल मंडी में 798 एमटी गेहूं की खरीद की गई है।

# श्री तिरुपति बालाजी धाम में गोदांबा माता की निकली सवारी

**टीम एक्शन इंडिया**



**हिसार:** उत्तर व दक्षिण भारतीय संस्कृति में समरसता व सदभाव कायम करने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में नवरात्रों में गोदांबा माता की सवारी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सवारी को रस्सों से खींचकर अपनी आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर पूरा तिरुपति धाम जय श्रीमन्ननारायण, जय भगवान वेंकटेश व जय गोदांबा माता के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। श्री तिरुपति धाम में भगवान वेंकटेश जी के मुख्य मंदिर के साथ ही गोदांबा माता का मंदिर विराजमान है। माता गोदांबा को भूदेवी का अवतार माना जाता है। गोदांबा ने भगवान विष्णु के स्वरूप भगवान रंगनाथ को वर के रूप में प्राप्त करने के लिए कठिन व्रत का निर्वहन किया था। माता गोदांबा की भक्ति व आस्था के प्रतिफल स्वरूप भगवान रंगनाथ प्रसन्न हुए। नवरात्रों में माता गोदांबा की पूजा-अर्चना का विशेष विधान है। नवमी तक माता गोदांबा की पूजा व आराधना के लिए विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु उमड़ेंगे। सवारी शोभा यात्रा के लिए पधारे श्रद्धालुओं ने श्री तिरुपति धाम में श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिरों के भी दर्शन किए। अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति बालाजी धाम में 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम् व श्री तिरुपति यज्ञशाला भी विशेष दर्शनीय हैं। धाम की श्रीनिवास गोशाला, श्री तिरुपति यज्ञशाला एवं पवित्र पुष्करणी भी श्रद्धा के विशेष केंद्र बने हुए हैं।

# पूर्व सीएम मनोहर लाल 17 अप्रैल को गांव सिवाह के डॉ.अंबेडकर भवन में जनसभा को करेंगे संबोधित

### हरियाणा के विकास एवं पंचायत और सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** आर्य बाल भारती में एक प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया आर्य बाल भारती के प्रधान रणदीप आर्य ने प्रेस वार्ता में कहा कि करनाल लोकसभा के उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल आगामी 17 अप्रैल को गांव सिवाह के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भवन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। हरियाणा के विकास एवं पंचायत और सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे इस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने पूरी पारदर्शिता और सुशासन के साथ सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का डिजिटलीकरण करके सुशासन को आगे बढ़ाया है आज



सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक क्षेत्रवासी के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि हरियाणा के संत स्वभाव के धनी कर्मठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को उम्मीदवार बनाया गया है उन्होंने कहा कि इस समारोह को सफल बनाने में पंचगामा के अलावा लगभग 20 गांव के लोग इस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और इन गांव की पंचायत भी इस समारोह को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देगी उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश भर से 15 लाख लोगों के सुझाव लेकर अपना लोकसभा चुनाव घोषणा पत्र जारी किया है । यह घोषणा पत्र एनडीए सरकार की उपलब्धियो का व्यापक अवलोकन प्रदान करता है और 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र के चार मजबूत स्तंभ है। जिसमे भारत की युवा शक्ति, महिला शक्ति किसान और गरीब परिवारों को सशक्त बनाने पर विशेष फोकस किया है।

**सुशासन**

8 सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का डिजिटलीकरण करके सुशासन को आगे बढ़ाया

# मंत्री गोयल के आदेशों के बाद निजी स्कूलों में बसों की चेकिंग शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** जिले में उपमंडल स्तर पर निजी स्कूलों की बसों की चेकिंग शुरू की जा रही है। यह चेकिंग उपमंडल स्तर पर बनाई चार टीम बनाई गई है। सूत्रों अनुसार इन टीमों में संबंधित खंड से खंड शिक्षा अधिकारी के साथ एसडीएम कार्यालय, डीएसपी कार्यालय, रोडवेज कार्यालय, आरटीए कार्यालय और स्वास्थ्य विभाग कार्यालय से प्रतिनिधि शामिल है। यह टीमें निजी स्कूलों में जाकर इन बसों को चेक किया जा रहा है।टीमों द्वारा भिन्न बसों में जांच की जा रही है। स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी, महिला अटेडेंट, फिटनेस जांच, चालक का मेडिकल प्रमाण-पत्र सहित अन्य करीब 20 प्वाइंट पर चेकिंग होगी। चेकिंग को लेकर शिक्षा विभाग ने शेड्युल बनाया है। सोमवार से स्कूलों में चेकिंग शुरू होगी। यह चेकिंग 15 से 25 अप्रैल के बीच में पूरी करनी होगी। बता दें कि महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए स्कूल बस हादसे के बाद सरकार ने निजी स्कूलों की बसों को चेक करने के लिए निर्देश दिए हैं। इसको लेकर शनिवार को जिला शिक्षा सदन में जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने निजी स्कूल प्रबंधक समिति सदस्यों, संचालकों, प्रधानाचार्यों की बैठक ली थी। जिसमें सेफ स्कूल कैंपस व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर नियम पूरे करने के निर्देश दिए गए थे। 289 स्कूलों की 1200 बसों की 10 दिन में होगी चेकिंग जिले में करीब 289 स्कूलों की 1200 बसों की चेकिंग 15 से 25 अप्रैल के बीच में की जाएगी।

**सख्ती**

8 निजी स्कूलों की बसों की चेकिंग शुरू की जा रही है। यह चेकिंग उपमंडल स्तर पर बनाई चार टीम बनाई गई है

जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि निजी स्कूलों की बसों की चेकिंग के लिए शेड्युल बना लिया गया है। इस शेड्युल को सभी बीईओ व इससे जुड़े विभागों से साझा किया है। अंबाला छावनी और शहर के ज्यादातर स्कूलों ने अपनी प्राइवेट बसों को नहीं चलाया। जिसके चलते स्कूल बच्चे स्कूल नही पहूंच सके। विभिन्न स्कूल द्वारा सोशल मीडिया पर मैसेज दिया गया था कि आज स्कूली बसें नहीं आएगी।

जिसके बाद अभिभावक बच्चों को स्वयं स्कूल छोड़ते नजर आए।अभिभावकों ने बताया कि जब वह स्कूल में बच्चों के लिए निर्धारित बस फीस देते है तो ऐसे में स्कूल प्रबंधन का दायित्व बनता है कि वह नियमों का पालन करें।

# युवा साथी नशे से दूर रहें: मिहा सिंह रंगा

**समारोह**

8 चेयरमैन मिहा और महिला प्रदेश अध्यक्ष स्वीटी रंगा नलवी में जाकर जयंती समारोह में भाग लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाया गया। महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा और महिला प्रदेश अध्यक्ष स्वीटी रंगा गांव अजराना कला और किसनगढ़, तंगोरी और नलवी में जाकर जयंती समारोह में भाग लिया। मिहा सिंह रंगा और स्वीटी रंगा ने गांव में सबसे पहले बाबा साहब को पुष्प अर्पित किए और कमेटी द्वारा तैयार केक समारोह में भाग लिया।गांव की कमेटियों ने सिरोपा और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मिहा सिंह रंगा और स्वीटी रंगा ने सभी को डॉ बी आर अंबेडकर जी के जन्मदिन की बधाई दी। रंगा ने कहा कि आज हम सब मिलकर बाबा साहब की जयंती मना रहे हैं। हम सब बाबा साहेब के दिखाए हुए रास्ते पर चलें, उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करें। इस जयंती के अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि एक दूसरे की सहायता करेंगे ,एक दूसरे का सहारा बनेंगे और शिक्षा के लिए अधिक से अधिक कार्य करेंगे। युवा साथियों से अपील करते हुए कहा कि नशे से दूर रहें और अपना भविष्य बनाने के लिए अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करें ताकि परिवार देश और समाज की सेवा कर सकें।

## न्यूज फ्लैश

### वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**गन्नौर। गांधी नगर** से एक 22 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लड़के के पिता ने गुमशुदगी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में शमशेर ने बताया कि उसका बेटा अंकित 10 अप्रैल को स्कूटी लेकर गया था। जो वापस नही लौटा। उन्होंने अपने स्तर में उसकी काफी तलाश की, लेकिन कही पता नही चला। शमशेर ने बताया कि इससे पहले भी उसका बेटा घर से चला गया था जो डेढ़ साल बाद वापिस लौटा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### जानलेवा हमला करने मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**पानीपतः थाना** पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में कमल पुत्र सुंदर दास निवासी हरि बाग कॉलोनी ने शिकायत देकर बताया था कि 4 फरवरी की शाम उसका भाई सुनील सब्जी लेने के लिए पीपल मंडी में गया था। जहा पर भाई ने 5/6 लड़को को जूआ का धंधा करते देख उनके काम का विरोध किया। उनमे से दो लड़को ने गाली गलौच करते हुए सुनील को वहा से भागने की धमकी दी। सुनील ने फोन कर उसको बताया। वह बेटे के साथ मौके पर पहुंचा तो युवकों ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने सुनील के सिर पर नुकीली चीज से वार किया और उसको गाड़ी में डालने लगे। पब्लिक को इक्कठी होते देख आरोपी सुनील को अधमरा कर मौके से फरार हो गए। कमल की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने मामले की गहनता से जांच करते हुए गत दिनों आरोपी राहुल उर्फ कालू निवासी पूरेवाल कॉलोनी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी आरोपी रविंद्र उर्फ बिल्लू निवासी गढी सिकंदरपुर, प्रदीप निवासी पूरेवाल कॉलोनी, राहुल उर्फ कालू, सुनील, चपू व परवेज के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था।

### सभी प्राइवेट स्कूलों के वाहनों की शत-प्रतिशत होगी चेकिंग-उपायुक्त

**सोनीपतः उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार** ने बताया कि सडक सुरक्षा नियमों की पालना को सुनिश्चित करने व सडक दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य को लेकर जिला में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिला में सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना के लिए चलाए गए अभियान के तहत स्कूल बसों के चालक व परिचालक के लिए जारी किये गये निदेर्शों की पालना करने बारे अवगत करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूली बसों को चेक करने के लिए आरटीए विभाग द्वारा टीमों का गठन किया गया है। गठित टीमों द्वारा सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी, मोटर व्हीकल एक्ट और अन्य संबंधित नियमों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार स्कूल वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि चैकिंग अभियान के तहत सोमवार को जिला में चैकिंग टीम द्वारा 35 वाहनों की चैकिंग की गई, जिनमें नियमों की अवहेलना करने वाले 12 वाहनों के चालान किए गए। उन्होंने बताया कि इन 12 वाहनों में से 04 वाहनों को जब्त भी किया गया। उन्होंने कहा कि जिला में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों के वाहनों की चेकिंग शत-प्रतिशत होगी। उन्होंने बताया कि स्कूल बसों द्वारा स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन के मध्येनजर जिला में सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिला प्रशासन द्वारा विशेष रुप से कड़ी निगाह रखी जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि स्कूल बसों के चालकों व परिचालकों के साथ ही छात्रों व अन्य मौजूद स्कूल अध्यापकों को भी ट्रैफिक नियमों बारें अवगत करवाया जा रहा है।

# मेयर निखिल मदान ने शहर के विभिन्न वाटर बूस्टिंग स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः मेयर निखिल मदान** ने सोमवार को शहर के विभिन्न वाटर बूस्टिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया और मौके पर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मेयर निखिल मदान वार्ड नंबर 2 में मुखी अस्पताल के पास बने वाटर बूस्टिंग स्टेशन में पहुंचे और मौके पर मौजूद पेयजल आपूर्ति एजेंसी के प्रतिनिधि और कर्मचारियों से बात कर हालातों का जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर सहित सुदामा नगर और



धानक बस्ती के लोग भी मौजूद रहे। स्थानीय निवासी अशोक शर्मा ने बताया की पिछले दो दिन से उनके यहाँ मिटटी वाला पानी आ रहा था जिसकी शिकायत उन्होंने मेयर निखिल मदान और पार्षद सुरेंद्र नैय्यर को दी थी।आज सुबह की पेयजल आपूर्ति में पानी साफ आ रहा है। मेयर निखिल मदान ने बताया की मुखी अस्पताल के पास बने 2 .5 एम एल डी क्षमता वाले वाटर स्टोरेज टैंक में जाजल रेनीवेल से पेयजल आपूर्ति होती है जिसमे एक पाइपलाइन लीक होने की वजह से मिटटी का पानी आ रहा था ,जो अब ठीक कर दिया गया है , जिसकी जाँच उन्होंने खुद मौके पर की है। इस बूस्टिंग स्टेशन से 4 मोटरों द्वारा वार्ड नंबर 1 के हलवाई हट्टा, वार्ड न 2 के सुदामा नगर,धानक बस्ती ,कोट मोहल्ला, जमालपुरा, वाल्मीकि बस्ती , कुम्हार गेट,वार्ड नंबर 11 की न्यू महावीर कालोनी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की जाती है। मेयर निखिल मदान इसके उपरांत वार्ड नंबर 5 के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बने वाटर बूस्टिंग स्टेशन पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेयर ने बताया की 5 एम एल डी वाटर स्टोरेज की क्षमता वाले इस वाटर बूस्टिंग स्टेशन पर जाजल रेनीवेल और मुरथल जल घर में लगे ट्यूबवेल से पर्याप्त मात्रा में पानी आ रहा है। इस बूस्टिंग स्टेशन से 4 मोटरों द्वारा वार्ड 11 और वार्ड 12 के कच्चे क्वार्टर,तारा नगर,जीवन नगर, बत्रा कालोनी, राजेंद्र नगर, न्यू कालोनी, कल्याण नगर, भगत पुरा, 8 मरला,4 मरला क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की जाती है।

## स्विट्जरलैंड में भी हरियाणवी संस्कृति के अनुसार दिया भाई-चारे का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपतः अंतरराष्ट्रीय जाट** संसद व अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी व प्रवेश कुमार का दुनिया की सबसे खूबसूरत जगह स्विट्जरलैंड (यूरोप) में मेजर निशान्त सिंह व सुनील कुमार ने स्विट्जरलैंड पहुँचने पर किया स्वागत, अभिनंदन। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से स्विट्जरलैंड(यूरोप) में मेजर निशान्त सिंह व सुनील कुमार हरियाणवी सभ्यता व संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए भाई-चारे का संदेश दे रहे है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि मेजर निशान्त सिंह स्विट्जरलैंड में होटल क्रूज के नाम से रेस्टोरेन्ट व होटल चला रहे है व साथ की साथ भाई-चारे के संदेश को आगे बढ़ाते हुए यूरोप में आने वाले हर हरियाणवी व भारतीय नागरिक की हर संभव मदद करने के लिए तत्पर रहते है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि यहाँ पर मेजर निशान्त सिंह ने संवाद बैठक के तहत बहुत से भारतीय व हरियाणवी भाईयों से मुलाकात करवाई व भविष्य में संदेश भी दिया है कि भाई-चारे से बड़ी कोई ताकत नहीं है,परन्तु आज के समय में आपसी फूट करवा कर राजनीति लोग अपनी राजनीति की रोटियाँ सेकने का काम करते हैं।

## आग पर काबू पाने के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्माः**

**नारनौल। अग्निशमन** विभाग की ओर से आज केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा में आग पर काबू पाने के उपायों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्य रूप से आग 5 प्रकार की होती है और इन पर काबू पाने के उपाय भी अलग-अलग होते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से तीन प्रकार के उपायों से आग पर काबू पाया जा सकता है। जलती हुई वस्तु को या सामग्री को आग से दूर हटा कर, आग से ऑक्सीजन का संपर्क तोड़कर और आग पर शीतलता पहुंचा कर आग पर काबू पाया जा सकता है। इन तीनों उपायों में जो हम शीघ्र से शीघ्र कर पाएं उसके द्वारा आपको आग बुझाने का प्रयास करना चाहिए इस मौके पर अग्निशमन



कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के समक्ष जलती हुई घास व गैस सिलेंडर में लगी हुई आग पर काबू करके दिखाया। अग्निशमन वाहन (दमकल) द्वारा भी आग पर काबू करके दिखाया। अग्निशमन कर्मचारियों ने आग के बारे में विद्यार्थियों की शंकाओं के समाधान भी किए। इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने बताया कि सभी विद्यार्थियों ने आग पर काबू पाने के उपाय सीखे। विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार की कार्यक्रम करवाए जाते हैं।

## 'शिक्षा, शक्ति, संपदा से बालिकाओं को सशक्त बनाएं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : सारथी जन सेवा** चैरिटेबल ट्रस्ट रजि सोनीपत द्वारा नवरात्रों के पावन अवसर पर बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत "कन्या पूजन आखिर कब तक ?" विषय पर सेमिनार एवम कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन शिव शक्ति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महलाना रोड सोनीपत में किया गया। इस अवसर पर डॉ दीपक कौशिक पी सी पी एन डी टी सदस्य मुख्यतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ जगदीश बत्रा, डॉ ममता सचदेवा संरक्षक सारथी ट्रस्ट, प्रिंसिपल भावना आंतिल, डॉ मीनू गबरानी व अनिल कुमार जैन एडवोकेट दिल्ली हाईकोर्ट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यथिति डॉ दीपक कौशिक ने कहा कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है। उन्होंने कहा कि कन्या




पूजन आखिर कब तक सरीखे कार्यक्रम तभी सार्थक होंगे जब पूरा समाज एकजुट होकर कन्याओं के संरक्षण के लिए प्रयास करेंगे। इस दिशा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। इस दिशा में हरियाणा में सकारात्मक बदलाव आया है और लिंगानुपात में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। डॉ दीपक कौशिक ने कहा कि हमें सिर्फ नौ दिन नहीं जीवन भर हमें बेटियों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर सारथी ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कन्या पूजन व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मुख्य लक्ष्य पूरे भारत में बेटियों के जीवन की रक्षा करना और उन्हें पढ़ाना है। कन्या पूजन तभी सार्थक होगा जब हम बेटियों को बचायेगें, उन्हें पढायेगें, और समाज में लड़कियों व महिलाओं का सम्मान हो। उन्होंने कहा कि कहा की भारत में सदियों से आस्थावान नारी, शक्ति सम्पदा विद्या की देवी के रुप में दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती की पूजा करती रही है। वर्ष में दो बार आयोजित होने वाले नवरात्रों में नौ देवियों की पूजा अर्चना करते है। देवियों के मन्दिरों में यात्रा, पदयात्रा, जागरण कई-कई दिन के उपवास रखते है। लेकिन अगर इसी तरह कन्या भ्रूण हत्या होती रही तो दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर कन्या पूजन कैसे होगा अहलावत ने कहा कि बेटियों को शिक्षित बनाइये शक्ति व संपदा से वो खुद सशक्त हो जाएगी। बेटियां शिक्षित होगी तो सशक्त महिलाएं होगी और सशक्त दुनिया का निर्माण होगा। इस अवसर पर डॉ ममता सचदेवा ने कहा बेटी को जिसने मरवा दिया था।

# सैंकड़ों वैन चालकों ने वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कनीना (महेंद्रगढ़) में बस** हादसे के बाद ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा स्कूलों में बच्चों को ले जाने वाले वैन संचालकों पर कसे जा रहे शिकंजे से परेशान सैंकड़ो वैन चालकों ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन से भेंट कर अपनी परेशानियां बताई। राजीव जैन ने ट्रांसपोर्ट मंत्री असीम गोयल तथा विभाग के अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर नाजायज परेशान ना करने का आग्रह किया।

ट्रांसपोर्ट विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वैन चालक वैन में 20 -20 बच्चों को बैठाकर ले जाते हैं जबकि वैन की



क्षमता 6 -7 बच्चों की है, ऐसे में हादसों का खतरा बना रहता है। अधिकारियों ने कहा कि क्षमता से ज्यादा बच्चे न बैठाएं तो हमें कोई परेशानी नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि ज्यादातर वैन सी0एन0जी० गैस से चलती हैं और बच्चों को सी0एन0जी० गैस

**गुहार**

**8 ट्रांसपोर्ट मंत्री, विभाग के अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर नाजायज परेशान ना करने का आग्रह किया**

सिलेंडर के उपर बैठा दिया जाता है जोकि खतरे से खाली नहीं है । अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वह किसी को नाजायज परेशान नहीं करेंगे।

इस पर वैन चालकों ने कहा कि क्षमता से ज्यादा बच्चे बैठाना हमारी मजबूरी है अन्यथा हमें फ्री में ही सेवा करनी पड़ेगी । वैन चालकों ने कहा कि बच्चों को मां-बाप भी समय से पहले स्कूल भेजने से कतराते हैं अन्यथा हम एक-दो चक्कर भी करने को तैयार हैं । वैन चालकों ने बताया कि हमारी गाड़ियां को इम्पाउंड और कई कई हजार रुपयों के चालान किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह सख्ती रही तो हमें मजबूरन काम छोड़ना पड़ेगा और सैंकड़ो परिवार भूखमरी के कगार पर आ जायेंगे। ज्ञापन देने वालों में प्रेम सिंह सैनी, राजबीर सफियाबाद, राजेश कुमार, संदीप कुमार, जितेंद्र सरोहा, सुमित, सुरेंद्र सिंह, नीरज पांचाल, गौरव, दिनेश, गोबिंद शर्मा, मुकेश आदि वैन चालक उपस्थित रहे।

## नवरात्रों के पांचवे दिन महाकाली मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः नवरात्रों के सातवें** दिन बड़ी स्थित महाकाली माता मन्दिर में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पूजा करने के लिए शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों भक्त पहुंचे और पूजा अर्चना के बाद माथा टेककर मन्नत मांगी। मन्दिर के संस्थापक महंत मंशापुरी जी महाराज ने बताया कि नवरात्रों में मन्दिर में आकर पूजा अर्चना करने से माता उनकी मनोकामना पुरी करती है। सातवें नवरात्रे में मां दुर्गा के सातवें स्वरूप का नाम मां कालरात्री की है। पुजारी मंशापुरी जी महाराज ने बताया नवरात्रों में माता के मन्दिर में जाकर पूजा करना बहुत शुभ होता है। पूजा के समय व्रत रखने वाले भक्तों को नारियल व चुन्नी के साथ माता का सिंगार भी प्रसाद में चढ़ाना चाहिए। ऐसा करने से माता भक्तों की मन्नत पूरी करती है।

**नवमी पर होगा भंडारा**

मंदिर के महंत मंशापुरी महाराज ने बताया कि 17 अप्रैल को नवमी के अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे भंडारा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच प्रसाद ग्रहण करें।

## बी आर ग्लोबल विद्यालय में हौसलों की उड़ान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः खेड़ी रोड स्थित बी** आर ग्लोबल विद्यालय में गत दिनों संपन्न हुई हौसलो की उड़ान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया । इस प्रतियोगिता में अड़तालीस प्रतिभागियों में से सत्ताइस प्रतिभागियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए । कक्षा आठवीं के होनहार विद्यार्थी मयंक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । इस उपलब्धि पर मयंक को 2100 रुपये की नकद राशि के




साथ सम्मानित किया गया और शेष प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार, स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र दे कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राकेश यादव, प्रधानाचार्या पूजा पहल ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## टेहा ग्राम पंचायत ने नालों की सफाई की संभाली कमान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः टेहा गांव में पानी निकासी** के लिए बनाए गए नाले की समय पर सफाई नहीं करने के कारण ग्राम पंचायत ने आगे बढ़कर खुद ही सफाई की कमान संभाल ली है। अब ग्राम पंचायत अपने खर्चे पर नालों की सफाई का कार्य शुरू करवा दिया है। पंचायत ने इस संबंध में कार्य शुरू भी कर दिया है। गौरतलब है कि टेहा गांव में दूषित पानी की निकासी की पुरानी समस्या है। गांव के लिए दूषित पानी की निकासी के लिए बनाया गया जोहड़ का भी



अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में अधिग्रहण कर लिया गया था, लेकिन निकासी की कोई पुख्ता व्यवस्था प्रशासन द्वारा नहीं की गई। जिस वजह से गांव में दूषित पानी की निकासी एक मात्र जरिया जीटी रोड से गुजर रहा दूषित पानी का नाला है। नाले की लंबे समय से सफाई न होने के कारण वह गंद से अटा पड़ा था। प्रशासन भी नाले की सफाई की सुध नहीं ले रहा था। ऐसे में बरसात का मौसम आने से पहले ही दूषित पानी की निकासी व्यवस्था को दुरस्त करने का बीड़ा उठाया है। सरपंच आशीष त्यागी ने बताया कि यदि नाले की समय पर सफाई नहीं करवाई गई तो बरसात के मौसम में गांव में जलभराव की स्थिती बन जाएगी। इसलिए अब पंचायत अपने खर्च पर नाले की सफाई का कार्य करवा रही है। मजदूर बड़ी मशीन की मदद से नाले की सफाई में जुट गए हैं। कुछ ही दिनों में नाले की सफाई का कार्य पूरा हो जाएगा।

## वीर फाउंडेशन द्वारा हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में लगा रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी**

खरखौदा : नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के शुभ अवसर पर सोमवार को वीर फाउंडेशन द्वारा आर्यावर्त नारी शक्ति टीम व रेड क्रॉस सोसायटी सोनीपत के सहयोग से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को गर्भवती महिलाओं के लिए खरखौदा के सांपला मार्ग पर स्थित हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ स्वर्ण पदक विजेता 102 बार रक्तदान कर चुके पूर्व जिला प्रशिक्षण अधिकारी धर्मवीर दहिया, शतक वीर रक्तदाता, कांस्य पदक विजेता कमांडो आशीष दहिया व आर्यव्रत



नारी शक्ति टीम की संस्थापक सामाजिक कार्यकर्ता पारुल दहिया ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में सम्मिलित रक्तदाताओं को फाउंडेशन चेयरमैन अनीश दहिया ने भी रक्तदान किया और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित करते हुए धन्यवाद किया और ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने और सहयोग करने का वायदा किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमित राणा ने विद्यालय के स्टाफ व अन्य सामाजिक कार्यकताओं को रक्तदान से होने वाले लाभों के प्रति जागरूक करते हुए रक्तदान करने को प्रेरित किया। शिविर में रक्त

**रक्तदान महादान**

**8 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को गर्भवती महिलाओं के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया**

संकलन हेतु डॉ भानू के नेतृत्व में सामान्य अस्पताल सोनीपत की टीम में लैब टेक्नीशियन भुनेश, विकास, अशोक, काउंसलर मीनू, स्टाफ नर्स सुमन लता, एमटीएस रीना एवं चालक सुरेंद्र रहे। इस शिविर में काफी संख्या में महिलाओ सहित कुल 62 लोगों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। आपको बता दे कि इसी दौरान एक पिता ने अपने पुत्र संजू के जन्मदिन के अवसर पर 125वीं बार रक्तदान किया। जिसका नाम धम्मल फौजी गाँव पिपली है। इस दौरान मनीषा, शीतल, विजेता, ममता, काजल, कविता, रेनू, ऋतु जाखड़ सहित संजू के साथ-साथ मोहित खोखर, सुखेंद्र थाना, बिजेंद्र जांगड़ा, अजीत बाल्यान, अमित आर्य, डॉक्टर आशीष कुमार ने इस रक्तदान शिविर में रक्तदान कर लाभ उठाया। स्कूल चैयरमैन अनीश दहिया ने बताया कि रक्तदान करने से किसी के भी शरीर में कोई कमी नही आती बल्कि हमारे शरीर को फायदा होता है। हम सबको हर 3 महीने में एक बार जरूर रक्तदान करना चाहिए। रक्त की एक एक बूंद बहुत कीमती होती है। इस लिए समय समय पर रक्तदान करते रहे।

## प्रयास इंटरनेशनल स्कूल की आस्था ने बागपत मैराथन में जीता स्वर्ण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः सोनीपत में 14 अप्रैल** को हुई पहली एनसीआर स्टार रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में जीटी रोड स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के छात्र आर्यन, दृश्य व यश ने स्वण, यथार्थ मनन, अभिक व शिवम ने रजत व आर्यन मान, आर्यन, आयुष्मान, देवांश, रेयांश व रोनित ने कांस्य पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं स्कूल की छठी कक्षा की 11 वर्षीय छात्रा आस्था ओपन मैराथन में स्वर्ण जीतने में सफल रही। आस्था पिछले 2 वर्षों से कड़ी मेहनत कर



रही है। वह अब तक कई उपलब्धियां हासिल कर चुकी है। सोमवार को विजेता छात्रों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। स्कूल रजिस्ट्रार डा. मनोज कुमार, प्राचार्य सुरेंद्र छाबड़ा, उप प्राचार्या दीपमाला ने सभी छात्रों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

## न्यूज फ्लैश

### डीसीपी गौरव राजपुरोहित ने गन्नौर थाना का किया निरीक्षण

**गन्नौरः डीसीपी गौरव** राजपुरोहित ने सोमवार को गन्नौर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, हवालात, रिकोर्ड रूम, कम्प्यूटर रूम, बैरक, मालखाना, हेल्प डेस्क, कार्यालय में रजिस्टरों के रखरखाव आदि का मुआयना किया। इसके बाद उन्होंने एसीपी गारखपाल राणा और थाना प्रभारी व जांच अधिकारियों के साथ बैठक कर थाना की व्यवस्थाओं और थाने में आने वाली शिकायतों की स्थिती के बारे में जानकारी लेते हुए दर्ज किए गए लंबित मामलों की वर्तमान स्थिति की एक-एक कर समीक्षा की और मामलों का निस्तारण तय समय ईमानदारी से करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग से कार्य करें। शिकायत लेकर आने वाले पीड़ित की रिपोर्ट तत्काल लिखी जाए। डीसीपी ने पुलिस कर्मियों को आरोपितों की गिरफ्तारी भी शीघ्र करें, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखी जा सके। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान पूरी तरह से सतर्क रहने के भी निर्देश दिए।

### आम आदमी पार्टी की सदस्यता व ग्राम सचिव की नियुक्ति पर किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई : आम आदमी** पार्टी शिक्षा सेल के जिला अध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल ने के आम आदमी पार्टी कार्यालय, बहालगढ़ चौक पर ) मास्टर सतनारायण



आंतिल के नेतृत्व में अकबरपुर बरोटा गांव के लोगों को आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई और एक नए ग्राम सचिव की नियुक्ति की गई। सभी लोगो ने अरविंद केजरीवाल की विचारधारा और आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी का दामन थामा। सभी लोगो ने आम आदमी पार्टी से जुड़ने पर खुशी जताई और आप के परिवार को आगे बढ़ाने का विश्वास दिलाया ।

### वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने किया वन स्टोप सेंटर का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः हरियाणा राज्य** महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टोप सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से सभी जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि यहां पर आने वाली सभी महिलाओं को



जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाएं ताकि वो अपने आप को कमजोर न समझे। वाइस चेयरपर्सन ने कहा कि विभाग द्वारा वन स्टोप सेंटर को स्थापित करने का यही उद्देश्य है कि यहां एक ही छत के नीचे पीड़ित महिलाओं को न्याय की सुविधा प्रदान की जाती है। यहां पीड़िताओं के पांच दिन तक ठहरने की व्यवस्था भी की जाती है। उन्होंने कहा कि वन स्टोप सेंटर के माध्यम से घरेलू हिंसा, दहेज/यौन उत्पीडन, बाल विवाह इत्यादि मामलों का समाधान करवाया जाता है। उन्होंने पीड़िताओं का आह्वान किया कि वे चुपचाप अत्याचार को सहन न करें। अपितु उसके खिलाफ आवाज उठायें। उनकी आवाज को वन स्टोप सेंटर के माध्यम से उठाया जाएगा। यह सेंटर पूरी तरह से लड़कियों/महिलाओं की सहायता के लिए समर्पित है। वाइस चेयरपर्सन ने कहा कि विभाग द्वारा पीड़िताओं के लिए महिला हैल्पलाईन 181 भी जारी किया गया है। इस हैल्पलाईन पर किसी भी समय फोन करके सहायता ली जा सकती है। वन स्टोप सेंटर में भी पीड़िताओं को पुलिस व कानूनी सहायता दी जाती है। साथ ही काउंसलिंग भी की जाती है।

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमारी, वन स्टोप सेंटर की केन्द्र प्रशासक अंशु सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान से लोकतंत्र होगा मजबूतः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** प्रदेश में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव-2024 के दृष्टिगत अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए 19 अप्रैल को सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में प्रात 11:30 बजे मतदाता शपथ होगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने अनूठी पहल करते हुए सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के प्रिंसिपल के साथ सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में अपील करते हुए कहा कि इस दिन सभी अपने स्कूलों में मतदाता शपथ का आयोजन करवाई और सभी बच्चों से मतदान के प्रति ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने की शपथ भी दिलवाएं यही नहीं स्कूल परिसर में आने वाले सभी अभिभावकों को भी इसके लिए प्रेरित करें। डीसी एवं जिला



निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जिला का मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बच्चों को इस दिन मतदाता शपथ दिलवाएं जो मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने जिला वासियों से आग्रह किया है कि वे 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में पानीपत जिला ज्यादा से ज्यादा वोट करे तो निश्चित रूप से लोकतंत्र और ज्यादा मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए आम नागरिकों को जागरूक होना होगा। एडीसी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ पंकज यादव ने कहा कि जिला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा सभी शिक्षण संस्थानों, स्कूलों, कस्बों व गांवों में जाकर आमजन को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में नागरिक बढ़ चढकर भाग लें और 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा अपना वोट अवश्य बनवाए। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान में सामाजिक-धार्मिक संगठन भाग लेकर देश के पर्व लोकसभा चुनाव में अह्म भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए जिलावासी 75 प्रतिशत से अधिक मतदान कर अपना पूर्ण सहयोग दे। डॉ पंकज यादव ने कहा कि 25 मई का दिन वेतन के साथ अवकाश घोषित किया गया है। इसलिए सभी औद्योगिक क्षेत्र इस दिन अपनी फैक्ट्री और औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी से अपील करें कि वह अपना वोट अवश्य डालें।

## निशुल्क नेत्र जाँच कैम्प में 415 लोगों ने करवाई आंखों की जांच



**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः हल्का राई के गाँव नाहरी** में बाबा साहेब अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा माखन भोग वाले ने निशुल्क नेत्र जाँच कैम्प का आयोजन किया गया । संस्था द्वारा लगाए गए शिविर में 415 लोगों की आँखों की जाँच हुई व फ्री दवाई व फ्री चश्में दिए गए। समाजसेवी प्रतीक शर्मा ने बताया कि शिविर में आए 42 लोगों के मोतियाबिंद का फ्री ऑपरेशन करवाया जाएगा। डॉ श्रॉफ व दृष्टि सेवा स्मिति से डॉ धीरेंद्र सिंह व नरेंद्र भूटानी ने शिविर में आए लोगों की आंखों की जांच की । गांव नाहरी के साथ गांव नाहरा, गांव हलालपुर, गांव खेड़ी व बिन्द्रोली से भी लोगों ने कैम्प में जाँच करवाई। गाँव से नवाब सिंह, सोनू वाल्मीकि, महेश पराशर, शोभा प्रधान, कुलदीप दाहिया, मोनू दाहिया, टीनू दाहिया, समुंदर दाहिया, बाला देवी, शकुंतला दाहिया, सुनीता दाहिया, विनोद दाहिया आदि शामिल रहे।

## स्कूल में बच्चे सज धज पहुंचे और मनाया

**समालखा ( कुलदीप सिंह ) सोमवार** को जी. वी. एम पब्लिक स्कूल में बैसाखी का पर्व बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रबंधक राधेश्याम ने गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया और प्रधानाचार्य ने बच्चों को बैसाखी के महत्व के बारे में बताया विद्यालय को फसल के मौसम को दशार्ते हुए सजाया गया साथ ही 13 अप्रैल जलियांवाला बाग हत्याकांड के विषय में जानकारी दी गई नर्सरी कक्षा की छात्रा व छात्राएं रंग-बिरंगे कपड़ों में नजर आए विद्यार्थियों द्वारा पंजाब के संस्कृति को दशार्ने वाला रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया जिसमें गिद्दा मुख्य आकर्षण रहा साथ ही देश के प्रथम

# धार्मिक आयोजन सद्व्यवहार कायम करते हैंः गौतम

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिनेश नौताना**

**महेन्द्रगढ़। गांव आदलपुर में** पूर्व पंच रेणु देवी और रणवीर यादव के यहां माता रानी का जागरण किया गया। माता कात्यानी देवी के जागरण में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे सवेरा स्वयंसेवी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गौतम ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन पुण्य देने वाले तो होते ही हैं, साथ- साथ समाज में सद्विचार और सद्व्यवहार को भी कायम रखते हैं। माता कात्यायनी की पूजा घर में मंगल कारक और विशेष रूप से नौजवान युवक- युवतियों की शादी का योग बनाने में सहायक होती है। इस तरह के धार्मिक



जागरणों से समाज में सदचरित्र वाले नागरिक पैदा होते हैं। रणवीर यादव ने माता का प्रसाद और जागरण करके सभी को पुण्य का भागी बनाया है। रणवीर यादव कावड़ शिविरों,श्याम ध्वजा यात्रा शिविर, रामलीला एवं अन्य धार्मिक आयोजनों और संस्थानों में अपना अंशदान देते रहते हैं। इस अवसर पर गीता चौधरी, गोपाल खांडा, दीपक उजाला, मुरली जाखड़ की भजन मंडली ने सुंदर प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय में बना दिया। रणवीर यादव, आदलपुर के पूर्व सरपंच अतर सिंह, सुरेंद्र चैयरमेन ,प्राचार्य राजकुमार यादव, प्राचार्य वीरेंद्र यादव, पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि रणधीर सिंह ने मुख्य अतिथि मनोज गौतम को पगड़ी और माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके साथ-साथ बिसलेरी के असिस्टेंट मैनेजर रमेश दिनोदिया को भी ग्राम वासियों ने सम्मानित किया।

## वर्चुअल प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**पानीपतः** अंतर्राष्ट्रीय कला दिवस के अवसर पर पानीपत की "यूनिवर्स ऑफ आर्ट फाउंडेशन" संस्था द्वारा राष्ट्रीय ललित कला प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न भारतीय कलाकारों की अनोखी चित्रकारी को एक मंच प्रदान किया गया। देखा जाए तो, सोशल मीडिया के इस युग में हर कोई अपनी नवीन पहचान बनाना चाहता है, जिसके लिए वह डिजिटल मीडिया का चयन करता है। आज 21वीं सदी के न्यू मीडिया युग में एक कलाकार को नवीन पहचान व नया प्लेटफॉर्म दिलाने का काम पानीपत की संस्था "यूनिवर्स ऑफ आर्ट" फाउंडेशन बखूबी कर रही है। राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में पूरे भारत से विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने इसमें भाग लिया। सभी की पेंटिंग्स अलग-अलग थीम व विषयों पर आधारित थी। साथ ही कलाकारों ने अपनी रूचिनुसार माध्यम व साइज का चयन किया। "यूनिवर्स ऑफ आर्ट फाउंडेशन" द्वारा सभी कलाकारों का काम वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। वहीं "यूनिवर्स ऑफ आर्ट फाउंडेशन" की फाउंडर डायरेक्टर कीर्ति गाबा ने सभी आर्टिस्ट्स का आभार व्यक्त किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी व कहा कि "यूनिवर्स ऑफ आर्ट फाउंडेशन" फ्यूचर आर्टिस्ट्स को इसी तरह आगे भी नया मंच प्रदान करता रहेगा।

# पीआरपीसी ने डॉ. अंबेडकर की 133वीं जयंती श्रद्धाभाव से मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः पानीपत रिफाइनरी एवं** पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने इंडियन ऑयल पानीपत एससी/एसटी इम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिऐशन के सहयोग से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा भाव से मनाई । इस उपलक्ष्य में 30 मार्च से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का शानदार एवं सफल आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से पुरुष एवं महिला क्रिकेट टूनामेंट, क्विज, ड्राइंग



एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, शोभायात्रा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सभी के लिए सहभोज आदि शामिल थे। सांस्कृतिक संध्या में एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी मुख्य अतिथि की रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर पीआरपीसी के मुख्य - महाप्रबंधकगण, महाप्रबंध कगण, वरिष्ठ अधिका रीगण, बड़ी संख्या में आईओसिएनस उनके परिजन तथा आसपास के गांवों के सरपंच भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में एम एल डहरिया ने कहा कि वे इस शुभ अवसर पर संबोधित करते हुए अत्यंत गौरव एवं आनंद का अनुभव कर रहें हैं क्योंकि हम सभी जानते हैं कि बाबा साहेब भारत के युगपुरुष हैं और हर भारतीय के दिल में उनके प्रति सच्ची श्रद्धा एवं सम्मान है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब, हमारे महान संविधान के प्रमुख शिल्पकार, एक उत्कृष्ट विद्वान, एक महान चिंतक, दार्शनिक, दूरदृशटा, अर्थशास्त्री, उदधारक एवं एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने समाज के शोषित एवं दलित वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए, कई सामाजिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। वह वास्तव में सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। ऐसे महान एवं बहुमुखी व्यक्तित्व को हम शब्दों में बयान नहीं कर सकते। श्री डहरिया ने अपने संबोधन के समापन से पहले बाबा साहेब के आदर्श वाक्य हम सबसे पहले और अंत में भारतीय हैं" का भी स्मरण किया ।

# भगवान श्रीराम का आदर्श चरित्र जन जन के लिए अनुकरणीयः कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः विश्व हिंदू परिषद** दतौली प्रखंड द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में दतौली में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। गांव की मुख्य रास्तों से गुजरी यात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में भजन मंडली के भजनों के साथ प्रभु का गुणगान करते श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहे थे। बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं जनसेवक देवेंद्र कादियान ने शोभायात्रा का



शुभारंभ किया और भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की गई। यहां पर आयोजकों ने उनका फूलमाला से स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष विहिप डा. तेजपाल भार्गव, जिला सह मंत्री विहिप रवि कुमार ने की।

## 300 ग्राम गांजा नशा सहित तस्कर गिरफ्तार

**समालखाःथाना समालखा की** हथवाला चौकी पुलिस टीम ने गांव हथवाला के नजदीक एक नशा तस्कर को 300 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान जोगिंद्र निवासी राक्सेहडा के रूप में हुई। हथवाला चौकी इंचार्ज एएसआई कुलदीप ने बताया कि पुलिस की टीम शनिवार को गश्त के दौरान हथवाला अड्डा पर मौजूद थी। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली एक युवक गांव राक्सेहडा की ओर से पैदल हथवाला गांव की तरफ आ रहा है। युवक के पास मादक पदार्थ होने की संभावना है। सूचना के आधार पर कर्ण भा के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी।

# सुजाता की अगुवाई में निजी स्कूलों की बसों की जाँच की गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**खरखौदा/सोनीपत/**

**सोमपाल सैनी**

**सोमवार को खरखौदा** क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री की अगुवाई में निजी स्कूलों की बसों की जाँच की गई। इस दौरान बिधलान, खांडा, सेहरी, गांवों में जाकर टीम द्वारा स्कूल बसों की जाँच करने के साथ ही शहर में भी संचालित किए जा रहे स्कूलों की बसों की जाँच की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। खरखौदा खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने बताया कि स्कूलों में रजिस्टर्ड सभी बसों की जाँच को अंजाम दिया जा रहा है। इस दौरान सेहरी गाँव के स्कूल अमर स्पोर्ट्स स्कूल में खड़ी मिली



स्कूल वाहन के कागजात नहीं पाए गए। खंड शिक्षा अधिकारी का कहना है कि स्कूल संचालक द्वारा कागजात नहीं दिखाए जाने पर उसकी शिकायत एसडीएम खरखौदा को की गई है। ताकि आगामी कार्रवाई को अंजाम दिया जा सके। इसके साथ ही खांडा गाँव के आर्यवर्त स्कूल की एक बस भी खसता हालात में पाई गई। जिसे स्कूल संचालक को चेताया गया है कि उस बस को रूट पर ना भेजा जाए। इसके अलावा खरखौदा शहर में भी बसों की सिलसले वार तरीके से जाँच करवाई गई। खंड शिक्षा अधिकारी का कहना है कि क्षेत्र में जितने भी निजी स्कूल में वहनों को प्रयोग किया जा रहा है। वो सभी अपने जरूरी दस्तावेज 18 अप्रैल तक खरखौदा खंड शिक्षा अधिकारी दफ्तर में जमा करवाए।

**जांच**

**8 क्षेत्र में जितने भी निजी स्कूल में वहनों को प्रयोग किया जा रहा है। वो सभी दस्तावेज दफ्तर में जमा करवाएं**

# 'मतदाता जागरूकता को लेकर प्रशासन गंभीर, किये जाऐगे स्वीप कार्यक्रम'

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः लोकसभा** के आम चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से कराने को लेकर प्रशासन हर प्रकार से तैयार है। चुनाव में मतदान के प्रतिशत को पिछले चुनाव की तुलना में इस बार बढ़ोतरी की जाएगी। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के निर्देश पर सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी, ईओ और ग्राम सचिव और पटवारियों की बैठक को संबोधित करते हुए एआरओ एवं एसडीएम मनदीप सिंह ने कही। उन्होंने इस मौके पर सभी को



मतदाता जागरूकता के संदर्भ में शपथ भी दिलाई। एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पूरे जिले में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। अनेक स्थानों पर सैल्फी प्वाइंट बनाए जाऐंगे। ताकि लोगो में खास तौर पर युवाओं में मतदान के प्रति रूचि बढ़े। एसडीएम ने बताया कि मतदाता जागरूक अभियान की इस कड़ी में गाँव स्तर पर 19 अप्रैल को शपथ कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत सभी गाँवों में ग्राम पंचायतों द्वारा चौपालों व सामुदायिक स्थानों पर 11.30 बजे ग्रामीणों के साथ शपथ कार्यक्रम आयोजित किये जाऐंगे। जिसमें सभी ग्रामीण इस बात की शपथ लेंगे कि वे लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते है व अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेगे व स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार को प्रयोग करेंगे। एसडीएम ने बताया कि 25 मई को होने वाले चुनाव में इस बार मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना है व पिछले चुनाव के प्रतिशत से आगे निकल कर रिकार्ड स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि 25 मई को पूर्णरूप से अवकाश रहेगा इस दिन औद्योगिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले श्रमिकों को वेतन मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिन औद्योगिक क्षेत्रों में चुनाव आयोग के नियमों की पालना नहीं हुई उन पर आयोग कार्यवाही करेगा। नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र मलिक, सीटीएम टिनू पोशवाल, एसडीएम अमित कुमार समालखा, एसडीएम ज्योति मित्तल इसराना, सीईओ जिला परिषद गौरव, तहसीलदार चुनाव सुदेश राणा, डीडीपीओ विशाल परासर के अलावा खंड विकास पंचायत अधिकारी सुरेन्द्र खत्री, विवेक, नितिन यादव के अलावा जिला भर के सचिव व पटवारी मौजूद रहे।

# माता मनसा देवी के दर्शन करने से मनोकामना होती हैं पूर्णः जयभगवान

**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः माता मनसा देवी** के दर्शन कराने के लिए आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने नांदनौर व असदपुर गांव से श्रद्धालुओं के लिए फ्री बस की सुविधा दी। जय माता दी की जयकारे के साथ बस को रवाना किया गया। माता मनसा देवी की महिमा का गुणगान करते हुए जयभगवान आंतिल ने कहा कि नवरात्रों में मां के दरबार में लाखों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालु माता से अपनी मनोकामना को पूरा करने के लिए आशीर्वाद लेते हैं। माना जाता है कि माता



मनसा देवी से मांगी गई हर मुराद माता पूरी करती है। जयभगवान आंतिल ने कहा कि माता मनसा देवी की शरण में आने वालों का कल्याण होता है। मां की भक्ति से अपार सुख मिलते हैं। ग्रंथों के मुताबिक मनसा माता का विवाह जगत्कारू से हुआ था और इनके पुत्र का नाम आस्तिक था। माता मनसा को नागों के राजा नागराज वासुकी की बहन के रूप में भी जाना जाता है।

# जब तक सूरज-चांद रहेगा, बाबा साहेब तेरा नाम रहेगा

## छापर में धूमधाम से मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, सरपंच श्याम सिंह ने काटा केक और बच्चों को बांटी स्टेशनरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गांव छापर** में डॉ. भीमराव अंबेडकर जागृति मंच के तत्वावधान में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए गांव के सरपंच श्याम सिंह ने केक काटा और उपस्थित ग्रामीणों ने जय भीम, जब तक सूरज-चांद रहेगा, बाबा साहेब तेरा नाम रहेगा, डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहे व अन्य नारों के साथ एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जागृति मंच के संयोजक



राजेन्द्र कुमार व अध्यापक नरेश मीत ने की। मंच संचालन राजेश कुमार ने किया। समारोह में गांव के कई बच्चों ने गीत, कविता व भाषण के जरिये डॉण भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। अपनी प्रस्तुतियां देने वाले तथा उपस्थिति सभी बच्चों व विद्यार्थियों को ग्राम सरपंच श्याम सिंह ने स्टेशनरी भेंट की और मन लगाकर पढने. का संदेश दिया।अरुण कुमार कैहरबा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर देश ही नहीं पूरी दुनिया के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे व्यक्ति थे। उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों में अपना कोर्स पूरा करने के लिए ही पढ़ाई नहीं की, बल्कि समाज की संरचना को समझने और बदलने के लिए आजीवन अध्ययन किया। उनकी अध्ययनशीलता आज भी सभी के लिए मिसाल है। उन्होंने 24 घंटों में से 21-21 घंटे पढ़ाई की। देश व दुनिया के धर्मशास्त्रों, दुनिया भर के देशों के संविधान, विभिन्न विचारकों की किताबों का उन्होंने अध्ययन किया। भारत में महात्मा बुद्ध, संत कबीर और महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों ने उन्हें खास प्रभावित किया। उन्होंने गैर बराबरी, अन्याय और भेदभाव पर आधारित व्यवस्था को बदलने के लिए मौलिक विचार दिए और महत्वपूर्ण पहलकदमियां की। देश के संविधान निर्माण में जितना संभव हुआ, विचारों को समाहित करके एक बेहतर राजनीतिक व्यवस्था की नींव रखी। अरुण कैहरबा ने गांव में शिक्षा का माहौल बनाने के लिए पुस्तकालय की स्थापना करने का संदेश दिया।ग्राम सरपंच श्याम सिंह ने कहा कि लोगों द्वारा यह मानना कि डॉ. अंबेडकर ने केवल अनुसूचित जाति के लोगों के लिए ही काम कियाए यह सही नहीं है। अंबेडकर ने अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और समाज के हर वंचित वर्ग के लोगों के लिए कार्य किया

**याद किया**

8 अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और समाज के हर वंचित वर्ग के लोगों के लिए कार्य किया

# एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने किया टॉप लीडर्स को सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे टॉप लीडर्स को डिवेंचर होटल में टॉप लीडर्स सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा, नैशनल चेयरमैन व्यापार प्रकोष्ठ पवन शर्मा एंव अंतर्राष्ट्रीय चेयरमैन राजेश गर्ग ने की। इस अवसर पर सभी टॉप लीडर्स का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। टॉप लीडर्स सम्मान समारोह में डॉ निशा गुप्ता, पवन कुमार कंसल, सत नारायण गर्ग, सुनीता गुप्ता, सतीश मल्होत्रा, मोती राम गर्ग, अश्वनी मेहता, राजेंद्र कुमार, विकास गर्ग, परमजीत कालड़ा,




पुनीत गुप्ता, रमा तिवारी, सविता गुलाटी, ध्रूव शर्मा, मुकेश कुमार, सतीश कुमार, पंकज कुमार, गुलशन कुमार शर्मा, भजनीक सिंह, विजय कुमार, शुभम, पवन कुमार, राजन छिब्बर, मुक्ता, सुरेश कुमार, बलवंत सिंह, आशीष कुमार को सराहना उपहार से सम्मानित किया। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों राष्ट्रीय निदेशक संदीप अग्रवाल, राष्ट्रीय निदेशक हनी बंसल, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रेनू गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष मानवाधिकार प्रकोष्ठ हरियाणा मोनिका गुप्ता को मेम्बरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन के टीम मेंबर्स करप्शन फ्री इंडिया अभियान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### जिले में 1 लाख 60 हजार 275 मीट्रिक टन गेंहू की हुई आवक : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेंहू की आवक शुरू हो चुकी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे। गत दिवस तक जिले में करीब 1 लाख 60 हजार 275 मीट्रिक टन गेंहू की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में गत दिवस तक करीब 1 लाख 60 हजार 275 टन गेंहू मंडियों में आवक हुई, जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 66746 मीट्रिक टनए हैफेड द्वारा 84626 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 8237 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जो भी किसान मंडी में आए, वह अपने क्रमानुसार ही आएं ताकि समय पर उनकी फसल की खरीद हो सके। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में फानों में आग न लगाएं। इससे जहां प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। इसलिए किसानों को चाहिए कि वे फसल अवशेषों में आग न लगाकर उनका सही तरीके से प्रबंधन करें।

### पूजा करते परिवार पर ईंट पत्थर से हुआ हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कर्ण विहार में** एक प्रवासी परिवार पर पड़ोसियों ने जानलेवा हमला बोल दिया। परिवार छत पर पूजा कर रहा था, जिसे पड़ोसियों ने टोने-टोटके का नाम दिया। झगड़ा होता देख प्रवासी परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन हमलावरों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने पुलिस के सामने ही परिवार को घसीट घसीटकर पीटा। पुलिस कर्मचारी ने हमलावरों को समझाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी बदतमीजी की गई। इस हमले में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। दंपति की हालत नाजुक है और दोनों आईसीयू में भर्ती है। पीडित परिवार ने मामले की शिकायत सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का ?18,000 करोड़ एफपीओ 18 अप्रैल को खुलेगा

**गुरुग्राम।** वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ("वीआई" या "द कंपनी"), गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी फर्दर पब्लिक ऑफरिंग ("एफपीओ") के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। कुल ऑफर साइज में रु 1,80,000 मिलियन [रु 18,000 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है। ("फ्रेश इश्यू") ("कुल इश्यू साइज") ऑफर का प्राइस बैंड रु 10 से रु 11 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 1,298



इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 1,298 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है ("मूल्य बैंड")।एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 होगी। बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 को खुलेंगे और सोमवार, 22 अप्रैल, 2024 को बंद होंगे ("बोली/प्रस्ताव अवधि")। कंपनी इक्विटी शेयरों के नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग इन कार्यों की फंडिंग के लिए करने का प्रस्ताव करती है - (1) अपने नेटवर्क बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए रु1,27,500 मिलियन [रु12,750 करोड़] से उपकरणों की खरीद, जिसमें (ए) नई 4जी साइटें स्थापित करना शामिल है; (बी) मौजूदा 4जी साइटों और नई 4जी साइटों की क्षमता का विस्तार करना और (सी) नई 5जी साइटों की स्थापना करना; (2) दूरसंचार विभाग को स्पेक्ट्रम के लिए कुछ आस्थगित भुगतान और उस पर जीएसटी की राशि रु 21,753.18 मिलियन [रु 2,175 करोड़] और (5) शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए ("प्रस्ताव के उद्देश्य")। 11 अप्रैल, 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयरों को स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# डीसी ने फसल उठान व्यवस्थाओं को किया निरीक्षण

## संबंधित अधिकारियों को लिफ्टिंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर दिए जरूरी दिशा निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। डीसी उत्तम** सिंह ने सोमवार को घरौंडा अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपने साथ संबंधित अधिकारियों को लेकर मंडी में आई हुई गेहूं की फसल में नमी भी चैक की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसल लेकर आने वाले किसानों को मंडी में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लिफ्टिंग के कार्य को तेजी के साथ सुचारू रूप से जारी रखें। इस दौरान किसानों से भी आह्वान



करते हुए कहा कि वे पकी हुई फसल ही मंडी में लेकर आएं ताकि उनको फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खराब मौसम के चलते तरपाल व अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था रखें। इस दौरान घरौंडा एसडीएम राजेश कुमार सोनी ने उपायुक्त को अवगत कराते हुए बताया कि घरौंडा अनाज मंडी में लिफ्टिंग का कार्य निरंतर सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने बताया कि घरौंडा अनाज मंडी मे अभी तक 2 लाख 80 हजार किवंटल गेहूं की फसल आ चुकी है, जिसमें से लगभग 1 लाख किवंटल गेहूं की फसल का उठान कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने उपायुक्त को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा मंडी में समय रहते ही सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया गया है। इस दौरान उनके साथ हैफेड, खाद्य आपूर्ति तथा वेयर हाऊस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# कृषि अभियंता ने किया फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में** वर्ष रबी 2023.24 के तहत फसल कटाई प्रयोग चल रहे हैं, जिनके आधार पर हर गांवो की औसत फसल पैदावार निकाली जाती है, ताकि औसत पैदावार के अनुसार संभावित उत्पादन का निर्धारण हो सकें व इस औसत पैदावार से कम पैदावार वाले किसानों को हुये नुकसान पर फसल का मुआवजा दिया जा सके। अतः इसके तहत आज डा. प्रदीप मील सयुंक्त निदेशक (कृषि अभियंता), कृषि विभाग हरियाणा पंचकूला ने कृषि विभाग, करनाल के अधिकारियों के साथ जिला करनाल में चल रहे फसल कटाई प्रयोगों का निरिक्षण किया। उन्होने अपनी उपस्थिति मे ही गांव तखाना पार्ट (46) ब्लॉक नीलोखेड़ी में गेहूं फसल कटाई प्रयोग का कार्य पूर्ण करवाया।



# मेरा यार बन के आओ हरिओम नमो शिवाय..

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सनातन धर्म** मंदिर रामनगर में ओम नमः शिवाय परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। मुख्य सेवक संजय टिक्का ने शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरूआत की। उन्होंने मेरा यार बन के आओ हरिओम ओम नमः शिवाय भजन गाकर शिव भोले को रिझाया।कलाकारों ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई। राम नाम की माला से वीर बजरंगी को भी रिझाया। भजनों के बाद प्रसाद वितरित किया गया।



# मनोहर लाल का करनाल से लड़ना सौभाग्यः बख्शीश सिंह विर्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर की नई अनाज** मंडी में राईस मिल एसोसिएशन के सदस्यों की भाजपा के पूर्व विधायक एवं असंध विधानसभा संयोजक बख्शीश सिंह विर्क द्वारा लोकसभा चुनाव के संदर्भ में बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेंद्र मंगला ने की । अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए उपाध्यक्ष राजेंद्र मंगला ने कहा कि आज पूरे देश की नजर करनाल पर हैं। करनाल के लाल मनोहर लाल लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। हमारी एसोसिएशन के सभी सदस्यों को उनके कंधे से कंधा मिलाकर ये चुनाव लडना तथा जीतना है। पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने सालवन रोड स्थित जीएस फार्म में 16 अप्रैल को होने वाले पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के कार्यक्रम का न्यौता दिया तथा कहा कि हमारे नेता मनोहर लाल का करनाल से लड़ना हम सब कार्यकताओं का सौभाग्य है, हम उन्हें रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाकर दिल्ली भेजेंगे।



# घर बैठे डाउनलोड करें फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि डिजिटलाइजेशन के दौर में चुनाव आयोग ने भी चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई.ईपीआईसी की सुविधा शुरू कर रखी है। वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं।

# योग साधना ही सर्वश्रेष्ठ साधना हैः दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रसिद्ध योग शिक्षक** दिनेश गुलाटी द्वारा संचालित योग कक्षा श्री कृष्ण मंदिर, सेक्टर चौदह में योग और प्राणायाम का शिक्षण दिया गया। दिनेश गुलाटी ने वहां पहुंचे योग साधकों को सबसे पहले सूक्ष्म व्यायाम, आसनों का अभ्यास संगीत के साथ करवाया। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार का ज्ञान करवाया। विभिन्न प्रणयामों का अभ्यास करवाते हुए वे योग सत्र को ध्यान साधना की ओर ले गए। उन्होंने कहा कि योग साधना ही सर्वश्रेष्ठ साधना है, जिससे शरीर में नई शक्ति का संचार होता है। संयम पूर्वक साधना करते हुए आत्मा का परमात्मा के साथ योग करके समाधि



का आनंद लेना ही योग है। मानव शरीर की नश्वरता बताते हुए कहा कि मानव शरीर प्राप्त करके यदि मनुष्य सकाम कर्म करता है तो उसकी भौतिक उन्नति होती है। इसके विपरित निष्काम कर्म करता हुआ वह आध्यात्मिक उन्नति करके ईश्वर की कृपा का पात्र बनता है। कक्षा में योग शिक्षक नवीन जिंदल और बरखा जिंदल ने योग साधकों को आसान करवाते हुए उसकी विधियां और लाभ बताए। योग ही हमें प्रसिद्ध योग शिक्षक दिनेश गुलाटी द्वारा संचालित योग कक्षा श्री कृष्ण मंदिर, सेक्टर चौदह में योग और प्राणायाम का शिक्षण दिया गया। दिनेश गुलाटी ने वहां पहुंचे योग साधकों को सबसे पहले सूक्ष्म व्यायाम, आसनों का अभ्यास संगीत के साथ करवाया तत्पश्चात सूर्य नमस्कार का ज्ञान करवाया।विभिन्न प्रणयामों का अभ्यास करवाते हुए वे योग सत्र को ध्यान साधना की ओर ले गए।उन्होंने कहा कि योग साधना ही सर्वश्रेष्ठ साधना है, जिससे शरीर में नई शक्ति का संचार होता है। ।संयम पूर्वक साधना करते हुए आत्मा का परमात्मा के साथ योग करके समाधि का आनंद लेना ही योग है। मानव शरीर की नश्वरता बताते हुए कहा कि मानव शरीर प्राप्त करके यदि मनुष्य सकाम कर्म करता है तो उसकी भौतिक उन्नति होती है। इसके विपरित निष्काम कर्म करता हुआ वह आध्यात्मिक उन्नति करके ईश्वर की कृपा का पात्र बनता है।

# अमन ने कला स्नातक के पांचवें सेमेस्टर में पाया दूसरा स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरु नानक** खालसा कॉलेज करनाल के प्रतिभावान छात्र अमन कुमार ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कला स्नातक के पांचवें सेमेस्टर के हिंदी विषय में दूसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया हे। कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने बताया कि छात्र अमन कुमार ने बीए के पांचवें सेमेस्टर में हिंदी विषय में 91 प्रतिशत अंकों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त कर मेरिट में स्थान बनाया है। कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज प्रबंधन समिति की महासचिव सरदारनी जसप्रीत कौर विर्क ने छात्र अमन को मिठाई खिलाकर स्वागत किया और विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ साथ कॉलेज से हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।



# एमएचयू को मिला उत्कृष्ट उद्यान विश्वविद्यालय का अवार्डः डॉ. सुरेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एमएचयू के** माननीय कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा के नेतृत्व में बागवानी क्षेत्रों में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए कृषि व्यापार शिखर सम्मेलन एवं पुरस्कार नामक संस्था द्वारा होटल पार्क हयात, हैदराबाद भारत में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के उद्यान विभागों में से एमएचयू को उत्कृष्ट उद्यान विश्वविद्यालय का पुरस्कार से नवाजा गया, जो हरियाणा के लिए बडे गर्व की बात है।



कुलपति डॉ सुरेश मल्होत्रा ने एमएचयू को उत्कृष्ट विश्वविद्यालय का पुरस्कार मिलने पर अपार खुशी जताते हुए बताया कि एमएचयू बागवानी के क्षेत्र फल, सब्जियों, फूलों एवम औषधीय पौधों पर महत्वपूर्ण कार्य कर रहा हैं। एमएचयू राज्य की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए गंभीरता से लगा हुआ हैं।

# अतिक्रमण के जाम में फंस रही स्कूल बसें, कई बार होता है विवाद

## स्थानीय प्रशासन को जानकारी के बावजूद भी अतिक्रमण हटाने को लेकर किसी तरह का ठोस कदम नहीं उठा रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**शहर में पुराने बस** अड्डे पर फ्लाई ओवर के नीचे और रेलवे रोड पर अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम के कारण स्कूल बसें जाम में फंसी रहती है। जिसके कारण बच्चे तो परेशान होते हैं कई बार विवाद भी हो जाता है। इस बारे में स्थानीय प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद भी अतिक्रमण को हटाने को लेकर किसी तरह का काम नहीं किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि रेलवे रोड पर रेहड़ी व फड़ी वालों ने प्रशासन के ढीले रवैये के चलते फिर से अतिक्रमण करना शुरू कर



दिया है। इसके चलते करीब साठ फीट का रोड सिकुडकर तकरीबन 25 फीट का रह गया है। जिसके चलते हर समय वहां जाम की स्थिति बनी रहती है। यही हालत पुराने बस अड्डे पर फ्लाई ओवर के नीचे है। यहां पर सब्जी मंडी होने के कारण सब्जी-फल आदि खरीदने आने वाले अपने वाहन सडक के बीचों बीच खड़े रखते हैं। इसके साथ ही प्राईवेट वाहन चालक और ई-रिक्शा वाले भी अपना वाहन रोड पर खड़ा करते हैं। इसके कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। रेलवे रोड और पुराने बस अड्डे पर दोपहर के समय स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है। दोपहर को स्कूलों की छुट्टी होने के कारण स्कूल बसें भी जाम में फंस जाती है। गर्मी के कारण तो बच्चे परेशान होते हैं साथ ही प्रदूषण के कारण भी उन्हें दिक्कत होती है जो उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डाल रही है। कई बार तो बस चालकों का विवाद भी अन्य वाहन चालकों से हो जाता है। अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम के बारे में स्थानीय प्रशासन को तो जानकारी है लेकिन बावजूद इसके वह भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। लोगों ने इसको लेकर स्थानीय प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की है।

**लोग परेशान**

8 अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम के बारे में स्थानीय प्रशासन को तो जानकारी है

## मेक्सिको में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

एजेंसी

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको सिटी के दक्षिण में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।मेक्सिको सिटी के नागरिक सुरक्षा



सचिवालय के प्रमुख पाब्लो वाज़क्वेज़ ने सोशल मीडिया पर कहा कि दुर्घटना के बाद पड़ोस के लोगों को कोई खतरा नहीं था।स्थानीय अधिकारी ने एक बयान में कहा, 'हम पुष्टि कर सकते हैं कि तीन लोगों की जान चली गई, जिसमें विमान का पायलट और दो यात्री है।'उन्होंने कहा, 'हम तीन लोगों की पहचान निर्धारित करने के लिए जानकारी ले रहे हैं।' श्री वाज़क्वेज़ ने कहा, आपातकालीन सेवाएं अभी भी दुर्घटना की जांच कर रही हैं।

## बोलीविया का संरा से मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने का आग्रह

एजेंसी

**ला पाज।** बोलीविया के राष्ट्रपति लुइस आर्से ने संयुक्त राष्ट्र से क्षेत्रीय तनाव को कम करने और मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने का आह्वान किया है।



श्री आर्से ने सोशल मीडिया पर कहा, 'हम अंतरराष्ट्रीय कानून के ढांचे के भीतर मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने के लिए दुनिया भर के अन्य देशों के आह्वान में शामिल होते हैं।' ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने गत एक अप्रैल को दमिश्क में अपने वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हमले के जवाब में इजरायल के खिलाफ हमले शुरू किए। दूतावास पर इजरायली हमले में सात ईरानी मारे गए थे। श्री आर्से ने कहा, 'युद्धों में कोई विजेता नहीं होता। हर कोई हारता है और दुनिया भर में बढ़ती हिंसा मानवता को खतरे में डालती है।'

## फिलीपींस में सेना ने मुठभेड़ में तीन संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया


एजेंसी

**मनीला।** फिलीपींस में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ के दौरान इस्लामिक आतंकवादी समूह, दौला इस्लामिया (डीआई) के तीन कथित आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी।सेना ने कहा कि लानाओ डेल नॉर्ट प्रांत के एक कस्बे में हुई 20 मिनट की मुठभेड़ में एक सैनिक घायल हो गया। सेना ने कहा, 'गोलीबारी के बीच दुश्मनों को पीछे हटने और भागने के लिए मजबूर होना पड़ा।' सैनिकों ने घटनास्थल से तीन एम14 राइफलें और 7.62 मिमी गोला-बारूद बरामद किया। उन्होंने बताया कि डीआई पिछले साल दिसंबर में लानाओ डेल सुर प्रांत के मरावी शहर में मिंडानाओ स्टेट यूनिवर्सिटी में बमबारी भी शामिल था, जिसमें चार लोग मारे गए और 50 अन्य घायल हो गए थे।



## पापुआ न्यू गिनी के किम्बे में भूकंप के झटके

**न्यूयॉर्क।** पापुआ न्यू गिनी में 109 किमी पूर्वी दक्षिण पूर्वी क्षेत्र किम्बे में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि 20:56:29 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.5 मापी गयी है। भूकंप का केंद्र,5.85 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 151.08 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 64.7 किमी की गहराई पर निर्धारित था।



# मिस्र ने इजरायल और ईरान से संयम बरतने का आग्रह किया

एजेंसी

**काहिरा।** मिस्र ने इजरायल पर ईरान के हमले के बाद दोनों से देशों से अत्यधिक संयम बरतने तथा क्षेत्रीय तनाव और अस्थिरता को बढाने वाली नीतियों से दूर रहने का आग्रह किया है।

मिस्र के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार विदेश मंत्री समेह शौकरी ने रविवार को ईरान और इजरायल के विदेश मंत्रियों के साथ अलग-अलग फोन पर बातचीत की। उन्होंने दोनों देशों के बीच अभूतपूर्व सैन्य वृद्धि के लिए गहरी चिंता व्यक्त की।

श्री शौकरी ने अपने ईरानी और इजरायली समकक्षों से कहा कि मिस्र मौजूदा संकट को कम करने के लिए अपने सहयोगियों के साथ सहयोग में अपने प्रयासों को तेज करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष एक गंभीर मोड़ ले रहा है और गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष सहित पूरे क्षेत्र में कई वृद्धि के साथ मेल खा रहा है।



इस बीच श्री शौकरी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने तनाव को बढ़ने से रोकने के लिए कार्रवाई पर विचारों का आदान-प्रदान किया। श्री शौकरी ने फोन पर बातचीत के दौरान संकट से निपटने और इसे नियंत्रण से बाहर होने से रोकने के लिए ईरानी और इजरायली पक्षों के साथ गहन संचार के के बारे में श्री ब्लिंकन को जानकारी दी।

सीरिया में एक अप्रैल को ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के घातक हमले के जवाब में ईरान और उसके सहयोगियों ने शनिवार देर रात इजरायल पर समन्वित ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इजरायली हमले में दो कमांडरों सहित सात ईरानी मारे गए थे।

## तुर्किये में केबल कार दुर्घटना के बाद फंसे 174 लोगों को बचाया, एक की मौत

एजेंसी

**इस्तांबुल।** दक्षिण तुर्किये में एक पहाड़ के ऊपर केबल कार में फंसे 174 लोगों को बचा लिया गया। केबल कार की ट्राली खंभे से टकरा गई थी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।

तुर्किये के मंत्री अली येरलिकाया ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सफल बचाव अभियान में 174 लोगों को बचाया गया। 23 घंटे तक चले बचाव प्रयासों में 10 हेलीकाप्टर और 607 से अधिक बचावकर्मी शामिल थे। ईद की छुट्टी के मौके पर अंताल्या शहर के पास शाम करीब साढ़े पांच बजे यह दुर्घटना हुई। फंसे हुए लोगों को बचाने का अभियान रातभर जारी रहा। अधिकारियों ने कहा कि जब एक ट्राली खंभे से टकराई तब उसके अंदर बैठे लोग नीचे गिरने लगे। सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलू ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान तुर्किये के नागरिक के रूप में की है।



**13 लोगों को हिरासत में लेने का आदेश**-रॉयटर के अनुसार न्याय मंत्री टुनक यिलमाज ने बताया कि इस मामले में 13 लोगों को हिरासत में लेने का आदेश दिया गया है, जिसमें केबल कार चलाने वाली प्राइवेट कंपनी के अधिकारी भी शामिल हैं।

## इजरायल पर ईरान के हमले से युद्ध का खतरा, जी-7 देश भड़के

एजेंसी

**वाशिंगटन।** जी-7 देशों के नेताओं ने इजरायल के खिलाफ ईरान के हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही इस घटनाक्रम के कारण क्षेत्र में अनियंत्रित तनाव बढ़ने की आशंका जताई है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इन हमलों के मद्देनजर आपातकालीन बैठक बुलाने का फैसला किया है, ताकि इस मामले पर चर्चा की जा सके। ईरान ने इजरायल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं। ईरान ने कहा कि उसने यह हमला सीरिया में उसके वाणिज्य दूतावास पर 1 अप्रैल हुए हमले के जवाब में किया। इजरायली सेना ने कहा कि शनिवार देर रात ईरान ने हमला किया और उस पर सैंकड़ों ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल व क्रूज मिसाइल दागीं।

एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइल दागी गई, जिनमें से 99 प्रतिशत को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। जी-7 देशों के नेताओं ने राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से की गई कॉन्फ्रेंस कॉल के बाद संयुक्त बयान जारी किया। इसमें कहा गया, 'अपने इन कदमों के जरिए ईरान ने क्षेत्र को अस्थिर करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। एक अनियंत्रित क्षेत्रीय तनाव को भड़काने का जोखिम पैदा किया है। इससे बचना चाहिए। हम स्थिति को स्थिर करने और तनाव



बढ़ने से रोकने के लिए काम करना जारी रखेंगे।' ईरान की ओर से इजरायल पर शनिवार को किए गए हमले के एक दिन बाद यह बयान जारी हुआ। इसमें कहा गया, 'हम मांग करते हैं कि ईरान और उसके छद्म सहयोगी अपने हमले बंद करें। हम अस्थिर करने वाली और पहल के जवाब में आगे कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं।'

**संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में होगी आपातकालीन बैठक**

मालूम हो कि जी-7 समूह में अमेरिका, इटली, जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन और कनाडा शामिल हैं। समूह ने इजरायल और उसके लोगों के प्रति पूर्ण एकजुटता व समर्थन व्यक्त किया और उसकी सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बाइडन ने इजरायल के खिलाफ ईरान के अप्रत्याशित हमले पर चर्चा करने के लिए जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय से भी फोन पर बात की। ईरान की ओर से इजरायल के खिलाफ किए गए हवाई हमले पर सुरक्षा परिषद के सदस्य न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक आपातकालीन बैठक करेंगे। इजरायल ने इस बैठक का अनुरोध किया है जिसका एजेंडा पश्चिम एशिया में स्थिति होगा।

## अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ ने मचाई तबाही

**33 की मौत 27 लोग हुए घायल...आने वाले दिनों में और बिगड़ेंगे हालात**

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान में भारी बारिश ने रौद्र रूप दिखाया है। भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ ने भीषण तबाही मचाई है। बारिश के बाद आई बाढ़ में कम से कम 33 लोगों की मौत हो गई है साथ ही 27 अन्य घायल हो गए हैं। तालिबान के प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने बताया कि राजधानी काबुल और कई प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गई जिससे भारी नुकसान हुआ है।

**बारिश ने मचाई तबाही**

अब्दुल्ला जनान ने बताया कि बाढ़ की चपेट में आने से 600 से अधिक मकान या तो नष्ट हो गए हैं या फिर उन्हें नुकसान पहुंचा है। बारिश की वजह से करीब 200 मवेशियों की मौत हो गई है। सैक ने बताया कि बाढ़ से 800 हेक्टेयर कृषि भूमि भी नष्ट हो गई है और 85 किलोमीटर से अधिक की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण पश्चिमी फराह, हेरात, दक्षिणी जाबुल और कंधार प्रांतों में सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। अफगानिस्तान में फिलहाल बारिश से राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। मौसम विभाग ने



अफगानिस्तान के 34 में से अधिकांश प्रांतों में आने वाले दिनों में और बारिश का अनुमान जताया है।

**बिगड़ रहा है मौसम का मिजाज**

अफगानिस्तान में इससे पहले भी प्राकृतिक आपदा में कई लोगों की जान जा चुकी है। इससे पहले फरवरी में पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बर्फबारी के बाद हुए भूस्खलन में 25 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि मार्च में हुई तीन हफ्ते की बारिश में लगभग 60 लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र ने पिछले साल चेतावनी दी थी कि अफगानिस्तान चरम मौसम की स्थिति में बड़े बदलावों का अनुभव कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम का मिजाज बिगड़ रहा है।

## अमेरिका ने भी ईरान के हमलों को किया नाकाम, मिसाइलों और 80 से अधिक Drones को किया तबाह

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका इजराइल की हर तरह से मदद कर रहा है। ईरान के हमलों को नाकाम करने में भी अमेरिका ने बड़ी भूमिका निभाई है। अमेरिका ने इजराइल पर ईरान की तरफ से छोड़े गए 80 से अधिक ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया है। पेंटागन की तरफ से यह जानकारी दी गई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि इसमें एक बैलिस्टिक मिसाइल और यमन के हूती नियंत्रित इलाकों में नष्ट किए गए सात मानवरहित यान या ड्रोन शामिल हैं जिन्हें छोड़ने से पहले ही नष्ट कर दिया गया।



**हवा में नष्ट हो गई ईरान की मिसाइलें**

ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी हैं। ईरान के लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को इजराइली, अमेरिकी और सहयोगी सेनाओं ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही मार गिराया। एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि शनिवार और रविवार सुबह अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने 80 ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलें मार गिराईं जो ईरान और यमन की ओर से इजराइल की ओर छोड़ी गई थीं।

**इजराइल की मदद के लिए प्रतिबद्ध**

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, ''ईरान का दुर्भावनापूर्ण और लापरवाह बर्ताव क्षेत्रीय स्थिरता और अमेरिका एवं उसके गठबंधन बलों की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ईरान के इन खतरनाक कृत्यों के खिलाफ इजराइल की रक्षा में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने सभी क्षेत्रीय साझेदारों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।''

## नेपाल के सहकारी घोटाला में गृहमंत्री के व्यापारिक पार्टनर सहित 27 के खिलाफ मुकदमा

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के चर्चित सहकारी घोटाला में गृहमंत्री रवि लामिछाने की भूमिका की जांच की मांग के बीच उनके व्यापारिक साझेदार सहित 27 लोगों के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। गृहमंत्री की संदिग्ध भूमिका की वजह से सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो ने इस घोटाले में गृहमंत्री रवि लामिछाने के व्यापारिक पार्टनर जीबी राई को मुख्य अभियुक्त बनाते हुए जिला अदालत रूपन्देही में मुकदमा दर्ज कराया है।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत, कई लोग लापता

एजेंसी

**ताना तोराजा।** इंडोनेशिया में एक भीषण भूस्खलन में 14 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ये भूस्खल सुलावेसी द्वीप पर हुआ है। इस घटना के पीछे की वजह भारी बारिश का होना बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सुलावेसी द्वीप पर हुई मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है। वहीं इस हादसे में तीन अन्य लोगों के लापता होने की भी बात कही जा रही है। अधिकारियों ने रविवार को भूस्खलन के इस मामले की जानकारी दी।

**बारिश के बाद हुआ भूस्खलन**

स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश हुई। इस बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। भूस्खलन से प्रभावित घरों में से एक में पारिवारिक समारोह हो रहा था। मुंडू ने कहा कि दर्जनों सैनिक, पुलिसकर्मी और स्वयंसेवकों को



दूरदराज के पहाड़ों के गांवों में लोगों को बचाने के लिए तलाशी अभियान में लगाया गया है। रविवार तड़के बचावकर्मी एक आठ साल की बच्ची सहित दो घायलों को जिंदा बाहर निकालने में कामयाब रहे।

**14 लोगों के शव बरामद**

पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बचावकर्मियों ने दोपहर तक मकाले गांव में कम से कम 11 शव और दक्षिण मकाले में तीन शव बरामद कर लिए थे और तीन साल की बच्ची सहित तीन अन्य की अभी भी तलाश जारी है। बता दें कि ताना तोराजा में कई लोकप्रिय पर्यटक स्थल हैं।

## सरबजीत सिंह के हत्यारे का लाहौर में मर्डर, अज्ञात हमलावर ने आमिर तांबा को मारी गोली

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह के हत्यारे आमिर सरफराज उर्फ तांबा की लाहौर में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान में लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने तांबा पर फायरिंग कर दी। इसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। बता दें कि सरबजीत को पाकिस्तानी अदालत ने जासूसी और आतंकवाद के आरोप में दोषी ठहराया था और 2013 में लाहौर जेल के अंदर उनकी हत्या कर दी गई थी।

**हाफिज सईद का था बेहद करीबी**

गौर करने वाली बात ये है कि तांबा की हत्या पाकिस्तान में हो रहीं सिलसिलेवार रहस्यमयी मौतों से जुड़ी हो सकती है, जो या तो भारत में वांटेड अपराधी थे या आतंकवादी हमलों में शामिल थे। तांबा के पिता का नाम सरफराज जावेद है। इसका जन्म 1979 में लाहौर में हुआ था और वह लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक हाफिज सईद का बेहद करीबी था।




**कौन थे सरबजीत सिंह?**

सरबजीत सिंह का जन्म पंजाब के तरनतारन जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित भिखीविंड में हुआ था। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, वह एक किसान थे, जो 1990 के दशक की शुरुआत में भटककर पाकिस्तान चले गए थे। इसके बाद पाकिस्तान की एक अदालत ने उन्हें दोषी ठहराया और 1990 में लाहौर और फैसलाबाद में हुए बम विस्फोट में कम से कम 14 लोगों की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई। हालांकि, पाकिस्तानी सरकार द्वारा मौत की सजा को बार-बार स्थगित किया गया था।

इसके बाद अप्रैल 2013 में लाहौर की कोट लखपत जेल में सरबजीत सिंह पर साथी कैदियों - अमीर सरफराज उर्फ तांबा और मुदस्सिर मुनीर ने ईंटों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया था और फिर 6 दिन बाद लाहौर के जिन्ना अस्पताल ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि सरबजीत को मौत की सज़ा मिलने के बाद से मामला राजनीतिक हो गया था, लेकिन 2013 में जेल में उनकी हत्या के बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते बेहद खराब हो गए थे। सरबजीत की बहन दलबीर कौर ने पड़ोसी देश से अपने भाई की रिहाई के लिए कड़ी लंबी लड़ाई लड़ी थी, लेकिन असफल रहीं। बाद में 2022 में अमृतसर में उनकी भी मृत्यु हो गई। सरबजीत की हत्या के लिए दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, लेकिन पाकिस्तानी अदालत ने 2018 में सबूतों की कमी और अभियोजन पक्ष के गवाहों के मुकरने के कारण आरोपियों को बरी कर दिया था।

## अमेरिका ईरान के साथ संघर्ष नहीं चाहता, इजरायल की रक्षा का समर्थन करेगा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका मध्य पूर्व में अपनी सेनाओं के साथ-साथ इज़रायल की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। हालांकि इस बात का ध्यान रखा



जायेगा कि वाशिंगटन ईरान के साथ संघर्ष नहीं करना चाहता है। ऑस्टिन ने एक बयान में कहा, 'हम ईरान और उसके प्रतिनिधियों द्वारा किए गए इन लापरवाह और अभूतपूर्व हमलों की निंदा करते हैं और हम ईरान से अपने प्रॉक्सी बलों सहित किसी भी अन्य हमले को तुरंत रोकने और तनाव कम करने का आह्वान करते हैं। हम ईरान के साथ संघर्ष नहीं चाहते हैं, लेकिन हम हमारी सेनाओं की रक्षा के लिए कार्य करना और इज़रायल की रक्षा का समर्थन करने में संकोच नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने 'ईरान, इराक, सीरिया और यमन से लॉन्च की गई दर्जनों मिसाइलों और यूएवी को इजरायल के रास्ते में मार गिराया।'

## सिडनी चाकू हमले के संदिग्ध की पुलिस ने की पहचान

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने सिडनी के एक शॉपिंग सेंटर में छह लोगों की चाकू मारकर हत्या करने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली है। बीबीसी के मुताबिक जोएल कॉची (40) ने भीड़भाड़ वाले वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन परिसर में उस समय दहशत फैला दी, जब उसने चाकू से लोगों पर वार करना शुरू कर दिया। इस हमले में पांच महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई जबकि एक बच्चे सहित कई अन्य घायल हो गए।अधिकारियों ने कहा कि हमला संभवतः कॉची के 'मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित' था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह मानती हैं कि वह महिलाओं को निशाना बना रहा था न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त करेन वेब ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि यह 'जांच का एक स्पष्ट दायरा' होगा।उन्होंने यह भी कहा कि वह छुरा घोंपने की घटना को 'आतंकवादी कृत्य' नहीं कहेंगी। उन्होंने दोहराया कि पुलिस का मानना ??है कि 'कोई वैचारिक प्रेरणा नहीं थी।' कॉची को पहले से ही पुलिस जानती थी लेकिन उनके गृह राज्य क्वींसलैंड में उसे कभी गिरफ्तार नहीं किया गया या उस पर आरोप नहीं लगाया गया। क्वींसलैंड पुलिस ने कहा कि वह कई वर्षों तक भ्रमणशील रहा और 17 साल की उम्र में पहली बार मानसिक बीमारी का पता चला। क्वींसलैंड पुलिस के माध्यम से जारी एक बयान में, उसके परिवार ने उसके कार्यों को 'भयानक' बताया और कहा कि उसे 'किशोरावस्था से ही' मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। कॉची परिवार ने कहा, सिडनी में कल हुई दर्दनाक घटनाओं से हम पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। उन्होंने कहा,हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उन लोगों के परिवारों और दोस्तों के साथ हैं जिनका इस समय भी इलाज चल रहा है। कॉची की हरकतें सचमुच भयावह थीं और हम अभी भी यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हुआ है।

# युवा नेता राहुल दादू के नेतृत्व में कुरूक्षेत्र के 500 युवा आम आदमी पार्टी में हुए शामिल

**गठबंधन**

**8 "इंडिया" गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता की प्रेसवार्ता**

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता और "आप" के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर किसानों के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा।



उनके साथ ओमप्रकाश गुर्जर, विशाल खुब्बड़, मास्टर सतबीर गोयत और जगवीर हुड्डा मौजूद रहे। इससे पूर्व, अखिल भारतीय गुर्जर महासभा हरियाणा के अध्यक्ष और 2009 व 2014 में कैथल विधानसभा राष्ट्रीय आर्य राजसभा के उम्मीदवार रहे नरेश आर्य ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। वहीं युवा नेता राहुल दादू के नेतृत्व में कुरूक्षेत्र के 500 युवा अन्य पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

डॉ सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा किसान विरोधी सरकार है। देश के किसानों ने सवा साल तक दिल्ली के बॉर्डरों पर संघर्ष किया। जिसमें 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी। जिसके बाद प्रधानमंत्री मोदी को माफी मांग कर तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े। उसके बाद से भाजपा के मन में किसानों के प्रति नफरत पैदा हो गई। जब जब फसल आती है तो हर बार किसानों के साथ गंदा खेल खेला जाता है। आज भी भाजपा सरकार किसान और मंडियों से लगातार मुंह फेर रही है। मौसम विभाग की अनेकों चेतावनियों के बाद भी सरकार ने मंडियो में पुख्ता इंतजाम नहीं किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो दिन हुई बारिश और बूंदाबांदी से अन्नदाता की मेहनत पर फिर गया। लगभग 15 लाख टन फसल भीगने से खराब हो गई। रविवार को भी हरियाणा के कई जिलों में बारिश हुई जिसकी चेतावनी मौसम विभाग ने पहले से दे रखी थी। परंतु ज्यादातर मंडियों में अनाज खुले आसमान के नीचे पड़ा रहा। सिर्फ मंडियों में नहीं खेतों में भी गेहूं और सरसों पूरी तरह से भीग गई है। एक तरफ जहां मंडियों में अनाज के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं। वहीं दूसरी तरफ सरकार की नाकामी की वजह से उठान नहीं हो रहा है। क्योंकि भाजपा सरकार ने अपने चेहतों को ठेके दे दिए हैं।

इसलिए सरकार उन पर कोई कार्रवाई नहीं करती। इतना ही नहीं मंडियों में बारदाने की किल्लत होती जा रही है। कुछ मंडियों में तो कहा जा रहा है कि अनाज सीधा अंबानी के गोदामों में भेजो। भाजपा मंडी सिस्टम को खत्म करने पर तुली है।

# माँ गंगा दर्शन तीर्थ यात्रा के तहत बुजुर्गों को गंगा सन्नान करवाने का लक्ष्य: अमित गर्ग

**तीर्थ यात्रा**

**8 फ्री माँ गंगा दर्शन तीर्थ यात्रा को दिनप्रतिदिन बढ़चढ़ कर बुजुर्गो का आर्शिवाद मिल रहा है।**



**टीम एक्शन इंडिया/रादौर(नीतीश जोगी ):**

भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित गर्ग रादौर द्वारा हल्के के बुजुर्गो के लिए शुरू की गई फ्री माँ गंगा दर्शन तीर्थ यात्रा को दिनप्रतिदिन बढ़चढ़ कर बुजुर्गो का आर्शिवाद मिल रहा है। इसी कड़ी में हल्के के गांव उन्हेड़ी से पांचवी तीर्थयात्रियों से भरी बस को राम भक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित गर्ग रादौर ने जय माँ गंगा,जय भोले नाथ, हर हर गंगे के जयकारे के साथ झंडी दिखकर रवाना किया। इस अवसर पर माँ गंगा दर्शन तीर्थ यात्रा के अवसर पर भाजपा जिला जिला उपाध्यक्ष अमित गर्ग रादौर ने कहा की माँ गंगा दर्शन तीर्थ यात्रा रादौर से हरिद्वार हर की पोड़ी पर हर गांव वार्ड स्तर पर बुजुर्गो को सन्नान करवाने का लक्ष्य रखा गया है, अब तक गांव हल्के के जठलाना,माधोबांस,अंटावा,बापोली से तीर्थयात्रियों को हरिद्वार हर की पोड़ी पर सन्नान करवा चूके है। रादौर से हरिद्वार हर की पोड़ी पर बुजुर्गो को सन्नान करवाने के लिए फ्री माँ गंगा दर्शन तीर्थ यात्रा शुरू की गई कुछ लोग समय के कारण किसी भी धार्मिक यात्रा नही जा पाते इसी लिए हमने यह मुहीम चलाई है,

# स्कूलों के प्रति नकारात्मक रवैया बदले प्रशासन: नरेश सेलपाड़

**बस हादसा**

**8 मगर स्कूलों में दहशत फैलाने की बजाय उनकी कमियों को दुरुस्त करने में सहयोग करने की जरुरत**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन व केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ ने कहा है कि महेंद्रगढ़ जिले के कनीना के पास स्थित उन्हानी गांव में स्कूल बस हादसा बेहद दर्दनाक है। जिसमें जान गंवाने वाले मासूमों की कमी हमेशा खलती रहेगी। उन्होंने कहा है कि व्यवस्था की खामियों को दूर करना ही इन मासूमों व लचर हुई स्कूल वाहन व्यवस्था को सब से बड़ी श्रृद्धांजली यही होगी कि भविष्य में ऐसे हादसे दोबारा ना हो। प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में श्री सेलपाड़ ने कहा है कि सभी स्कूल बसों व दूसरे साधनों के इंश्योरेंस, फिटनेस व दूसरे प्रकार के कागजात व डाटा प्रशासन के ऑनलाइन मौजूद रहता है, ऐसे में इस हादसे के लिए अकेले स्कूलों को ही जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। इस हादसे के बाद जिला प्रशासन जितनी सख्ती कर रहा है, इससे पहले यदि एक प्रतिशत प्रशासन अपने काम को लेकर गंभीर होता तो किसी भी स्कूल के दस्तावेज अधूरे नहीं होते। अब स्कूलों में डर फैलाने की बात करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी भी



इन अधूरे कागजातों के लिए कहीं न कहीं जिम्मेवार हैं। राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा है कि उन्हानी स्कूल बस हादसे के कारण जिस प्रकार स्कूलों में अलग-अलग विभाग छापेमारी कर रहे हैं, उसके डर से स्कूलों की कमियां दूर होने की बजाय परेशानी, भ्रष्टाचार एवं लूट की व्यवस्था अधिक हो गई है। स्कूलों के कागजात पूरे करने की आपाधापी का लाभ उठा कर जहां इंश्योरेंस कंपनियों ने बीमे के दाम व मनमानी बढ़ा दी है, वहीं दूसरे कागजात पूरा करवाने के लिए स्कूल संचालकों को बहुत अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्हीकल ट्रैकर एवं सी.सी.टी.वी. कैमरों के दाम भी बहुत अधिक बढ़ गए हैं। बड़ी बात यह है कि इन सभी कामों को करने वाले स्टाफ व प्राईवेट वर्कर पहले के मुकाबले कम हुए हैं। ऐसे में स्कूलों के कागजात पूरे होने में समय लग रहा है। इसके अलावा अप्रैल माह में लगातार तीन-चार छुट्टियां होने के कारण भी स्कूलों को अपने कागजात पूरे करने में दिक्कतें आ रही है। राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन श्री सेलपाड़ ने कहा है कि यह बात सही है कि महेंद्रगढ़ जिले के कनीना के पास हुए स्कूल बस हादसे के लिए काफी हद तक स्कूल संचालक एवं व्यवस्था जिम्मेदार है। उसके बावजूद भी प्रदेश के सभी स्कूल संचालकों के साथ छापेमारी व दूसरे प्रकार के चालान का डर दिखाना व मनमानी का रवैया कतई सही नहीं है।

उन्होंने जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से प्रदेश के सभी स्कूलों को उनकी बसों के कागजात पूरे करने, ड्राइवरों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाने व दूसरी व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कम से कम दस दिन का समय देने की भी वकालत की है। उन्होंने कहा है कि अधिकांश स्कूल संचालक अप्रैल माह में बसें व दूसरे प्रकार के स्कूल वाहन खरीदते हैं, और कर्मचारी भी स्कूल या संस्थान बदल लेते हैं, ऐसे में नई व्यवस्था में थोड़ा समय लगता है। इसलिए प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन या संबंधित विभागों को स्कूलों वाहनों के इंश्योरेंस, फिटनेस, ड्राइवरों की ड्रेस, कैमरे या दूसरे प्रकार की कागजी कार्यवाही पूरी करने के लिए पहले से बने काउंटरों पर अतिरिक्त कर्मचारी/अधिकारी लगा कर उनके कागजात तैयार करवाने में मदद करके उन्हें राहत देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी एडमिशन व दूसरी प्रकार की औपचारिकताओं के चलते भी कई स्कूलों के कागजातों में कई खामियां रह सकती हैं।

## पासिंग व फिटनेस चेकिंग करवाने को लगी स्कूल बसों की कतारें

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

कनीना स्कूल बस कांड के बाद प्रशासन द्वारा बरती जा रही सख्ती से स्कूल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इसका नतीजा यह रहा कि आज भारी संख्या में स्कूल बसें फिटनेस चेकिंग व पासिंग के लिए हुडा ग्राऊंड में पहुंच गईं। तीन दर्जन से ज्यादा बसें लाइनों में लग गईं, लेकिन हैरानी जनक बात रही कि सोमवार को दोपहर दो बजे तक 20 से ज्यादा बसों में मात्र 2-3 बसें ही पास हो सकीं। अधिकतर बसें छोटी से लेकर बड़ी खामियों के चलते रिजेक्ट कर दी गईं।

# हरियाणा के रत्न थे नित्यानंद जी महाराज: महेन्द्र सिंह धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

आर्यसमाज बोहर में स्वामी नित्यानंद जी महाराज एवं हिंदी सत्याग्रही जसवंत सिंह आर्य की 138 वीं जन्म जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ यज्ञ द्वारा किया गया। यज्ञ ब्रह्मा यशदेव आर्य रहे व मनजीत नांदल, डॉ अनिल, राम सिंह नान्दल एवं आर्य श्याम सिंह नान्दल सपरिवार यजमान रहे। संचालन आर्य समाज बोहर के युवा प्रवक्ता कृष्णदेव शास्त्री ने किया। यज्ञो उपरांत महेन्द्र सिंह धनखड़ पूर्व जिला राजस्व अधिकारी ने स्वामी नित्यानंद जी महाराज एवं जसवंत सिंह के क्रान्तिकारी जीवन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला, स्वामी जी का प्रसिद्ध भजन - नर और नारी बेकार जब तक ना इंसान बणै, इस भजन को भारतवर्ष में



महर्षि दयानंद द्वारा स्थापित प्रथम गौशाला पर लिखा था व सुशील ने - थी म्हारी तकदीर हो ऋ षि दयानंद आये। ऐसे नौजवानों की फिलहाल जरुरत है सुनाया व समाज में बढ़ रही बुराइयों पर चोट करते हुए तथा महिलाओं को सजग करते हुए मास्टर अजीत मलिक भैंसवाल कलां - आज संसार चक्कर में है। लोकप्रिय भजन सुनाकर मन मोह लिया। बहन दयावती आर्या ने - सास मेरा बीरा ब्रह्मचारी री तन्नै मैं वेद पढ़्या दयूंगी, कपुत पैदा होरे धर्म नै खोरे लजा दिया हे देश हरियाणा सुनाया।

कार्यक्रम में पहुंचे आमंत्रित विद्वज्जन डॉक्टर बलबीर शास्त्री ने स्वामी नित्यानंद जी के आदर्शों पर प्रकाश डाला। डॉ बलबीर जी ने बताया कि कैसी-कैसी विकट परिस्थितियों में स्वामी नित्यानंद जी ने हैदराबाद सत्याग्रह तथा लोहारु सत्याग्रह जैसे आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा स्वामी जी जैसे कर्मठ सन्यासी ही देश धर्म का सुधार कर सकते हैं।

अंत में आर्यसमाज बोहर के अधिकारियों की तरफ से अतिथियों को ओम के पटके एवं साहित्य भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रधान ओमप्रकाश नांदल, आर्यसमाज बोहर के प्रधान धनीराम आर्य, अजमेर कुंडू, आर्य मंजीत नान्दल, विशाल आर्य,आर्य अजय नांदल चौधरी, बलबीर सिंह, जसवंत एडवोकट, राजीव दलाल, जयवीर आर्य , दीपेंद्र आर्य, रमेश नांदल, प्रेम सिंह नांदल, कर्मवीर नांदल, जय प्रकाश नांदल मंत्री आदि सैंकडों की संख्या में आर्यजन उपस्थित रहे।

# जो मनुष्य मां-बाप की सेवा नही करता वह राम भक्त नही हो सकता: महेशाश्रम

**राम कथा**

**8 गृहस्थ के जीवन में नारी शक्ति के सहायता के बिना पुरुष के भाग्य शक्ति का उदय होना संभव है।**

**टीम एक्शन इंडिया/रादौर,15 अप्रैल (नीतीश जोगी ):**

शहर के श्री नागेश्वर धाम श्री दण्डी स्वामी आश्रम पक्का घाट में रामनवमी के उपलक्ष में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा के छठे दिन की कथा का रसास्वादन कराते हुए शंकराचार्य स्वामी महेशाश्रम जी महाराज ने श्रद्वालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि गृहस्थ के जीवन में नारी शक्ति के सहायता के बिना पुरुष के भाग्य शक्ति का उदय होना संभव है।

इसीलिए शास्त्र में नारी को अर्धांगिनी कहा गया है। देव ऋषि नारद के प्रश्नों का उत्तर देते हुए ब्रह्मा जी ने बताया कि परमात्मा भी सगुण साकार रूप धारण करके जब जगत में आता है, तो वह भी सीता रूपी भक्ति से विवाह कर अपने अवतार के पूर्णता के लिए अपनी भार्या सीता को अपनी सहायिका बनाकर प्रस्तुत करता है। भगवती सीता पृथ्वी से उत्पन्न होने वाली आदिशक्ति के स्वरूप में महाराज जनक के पुत्री बनकर प्रकट हुई। भगवान श्री राम ने भगवती सीता का पानी ग्रहण कर मानव धर्म का प्रमाण प्रस्तुत किया, इसलिए मनुष्य को भगवान श्री राम के मर्यादित चरित्र का अनुसरण करते हुए नारी शक्ति को अबला नहीं अपने जीवन की सहायिका माननी चाहिए। पुराणों में वर्णन है कि यंत्र पूज्यंते नारिका तत्र रमंते देवता, नारी, माता, पत्नी, पुत्री, बहन जिस रूप में भी हो उसे उचित सम्मान देते हुए अपने जीवन के सहायिका के रूप में स्थान देना चाहिए।

# सरकार की लापरवाही के कारण किसनों की लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों खुले में पड़ी है: बजरंग गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण किसानों का लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों मंडियों में खुले में पड़ी है। प्रदेश में हल्की बारिश व मौसम खराब होने के कारण किसानों को गेहूं व सरसों खराब होने का डर सता रहा है आगे भी मौसम विभाग द्वारा हरियाणा में बारिश दिखा रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को 72 घंटे में गेहूं व सरसों खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं जबकि कई दिनों तक अनाज खरीद का उठान मंडियों से होता नहीं है। सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद ना करने के कारण किसानों को अपनी सरसों 600 से 1000 रुपए प्रति क्विंटल तक कम बेचनी पड़ रही है। सरकार की गलत नीतियों के कारण आढ़ती व किसान बबार्दी के कगार पर है। सरकार ने सरकारी गेहूं खरीद पर आढ़तियों की 10.99 रुपए व धान पर 9.19 रुपए आढ़त काम कर दी है। इसी प्रकार सरसों, नरमा, सूरजमुखी, बाजार, मूंग भी सरकार आढ़तियों की बजाएं सीधे सरकारी खरीद कर रही है अगर सरकार अनाज की खरीद सीधे करेगी तो आढ़ती मंडी में दुकान करके क्या करेगा, यह बहुत बड़ा चिंता का विषय है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार बड़े-बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी अनाज मंडियां बंद करने पर तुली हुई है। बड़े-बड़े घराने अनाज, सब्जी व फलों के व्यापार पर अपना कब्जा करना चाहती है इसलिए प्राइवेट कंपनी बड़े-बड़े वेयरहाउस व साइलो देश व प्रदेश में बना रहे हैं। किसानों का अनाज बड़े-बड़े घराने खरीद कर-के स्टोर करेंगे अगर किसानों का अनाज की खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं होगी तो सरकारी मंडियां अपने आप ही बर्बाद हो जाएगी। मंडियों में 40 हजार आढ़ती, लाखों मजदूर, मुनीम, ट्रांसपोर्टर को रोजगार मिल रहा है। सरकार को अनाज की खरीद ऑनलाइन की बजाएं ऑफलाइन करके तुरंत उठान व किसानों को फसल का भुगतान करना चाहिए

## फतेहाबाद में स्कूल बसों की व्यापक जांच, नशे में मिला कॉलेज वेन का ड्राइवर

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

जिला में सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने एक बड़ा अभियान चलाकर स्कूल बसों की व्यापक जांच की। जांच के दौरान नियम कायदे पूरे न करने पर पांच बसों को इम्पाउंड किया गया तथा तीन वेन के चालान काटे गए। इनमें एक कॉलेज वैन का चालक शराब के नशे में पाया गया।

स्कूल संचालकों में वाहनों की जांच का इतना खौफ था कि टोहाना में निजी स्कूलों की तीन दिन की छुट्टियां घोषित कर दी गई। अनेक स्कूलों ने उन बसों को सड़क पर ही नहीं उतारा जिनके दस्तावेज पूरे नहीं थे। इन बसों में आने वाले बच्चों के अभिभावकों को स्कूल की तरफ से तड़के फोन किया गया कि वह खुद बच्चों को छोड़कर जाए और छुट्टी में स्कूल से लेकर जाए।

आज चलाए गए सघन जांच अभियान के दौरान गांव बेहबलपुर स्थित एक कॉलेज की बस का चालक नशे में मिला। पुलिस ने बस को इंपाउंड कर लिया जबकि अन्य चार स्कूलों की बसों के परमिट न होने व फिटनेस सर्टिफिकेट न होने के कारण इंपाउंड किया गया । प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन टोहाना के पदाधिकारी बलदेव सैनी ने बताया कि आरटीओ द्वारा निजी स्कूल बसों पर 27 कड़े नियम लागू किये गए है।

# हालु मौहल्ला में अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित

**कार्यक्रम**

**8 कार्यक्रम में मुख्य रूप से पधारे वन्दीप ने बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला**

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

स्थानिय हालु मौहल्ला में बाबा साहेब जी डा भीम राव अम्बेडकर की 133 वीं जयन्ती के शुभ अवसर पर कार्यक्रम बड़ी धुम धाम से आयोजित किया गया इस अवसर पर बावड़ी गेट एम. सी. कालोनी में स्थित वाल्मीकि जाति के नाम की पड़ी जमीन पर वाल्मीकि समाज के नाम से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए एक ईगंलिश मिडयम



स्कूल बनवाने के लिए वाल्मीकि समाज के लोगों की मांग पर प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए उपस्थित लोगों की बच्चों के लिए स्कूल बनाने की मांग पर करनैल सिंह बागडी ने समाज के लोगों से कहा ईससे अच्छा समाज के हित में और कुछ काम नहीं हो सकता बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर की बातों का अनुसरण क्या हो सकता है ईसके साथ साथ करनैल सिंह ने समाज के उत्थान के लिए जिला भिवानी वाल्मीकि समाज की जनगणना की शुरूआत की ईस शुरूआत के लिए उपस्थित लोगों ने तालिओं की गडगडाहट व जयभीम के नारों के साथ स्वागत किया वाल्मीकि समाज के बच्चों के स्कूल बनाने व वाल्मीकि समाज के लोगों के जन गणना की सभी ने सराहनीय कदम बताया इससे हरियाणा के वाल्मीकि समाज के लिए काफी उलझन भरी समस्याओं का समाधान निकल सकेगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जगमोहन बोधि बी. ए. एल. एल. बी ने समाज के लोगों को अच्छे मार्ग पर चलने नशामुक्त रहने व बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर के बताए गए मार्ग पर चलने का आहवान किया स्कूल बनवाने के लिए यथासम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया। ईस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पधारे वन्दीप ने बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला व कई बच्चों ने बाबा साहेब पर लिखी कविताओं से श्रोताओं को मंत्र मुद्दे किया तो वहीं कई बच्चों ने बाबा साहेब पर गीत सुना कर लोगों का दिल खुश किया।

# *संकल्प पत्र में भाजपा ने हर वर्ग के विकास की गारंटी दी है : गुप्ता

**मोदी का मिशन**

**8 *भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत वाला देश बनाना मोदी की गारंटी : ज्ञानचंद गुप्ता***

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि हर भारतीय की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करना ही मोदी का मिशन है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को विश्वास है। मोदी की गारंटी को आधार बनाकर अगले पांच साल क्या करना है, इसकी योजना संकल्प पत्र में है। श्री गुप्ता ने कहा कि 80 करोड़ लोगों



को मुफ़्त राशन, आयुष्मान भारत योजना की सुविधा, जनधन अकाउंट के जरिए भ्रष्टाचार पर अंकुश, चार करोड़ गरीबों को घर, किसानों को सम्मान निधि जैसी योजनाएं मोदी की गारंटी हैं और यह आगे भी जारी रहेगी। श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा की अगले पांच सालों में देश के हर कौने में बुलेट ट्रेन चलाने का भी संकल्प है। इस दौरान प्रदेश मीडिया सह प्रमुख नवीन गर्ग, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, पार्षद एवं जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र मलिक भी उपस्थित रहे।

पंचकूला में प्रेसवार्ता के दौरान बोलते हुए ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का भाव भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा है। 15 लाख सुझावों पर विचार विमर्श के बाद तैयार किया गया संकल्प पत्र 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। पीएम मोदी ने गरीब, युवा, महिला और किसान को चार स्तंभ मानते हुए उनके विकास पर लक्ष्य किया है।

श्री गुप्ता ने कहा कि संकल्प पत्र में मोदी ने गरीबों के लिए चलाई गई राशन योजना को 2029 तक बढ़ा दिया है। 70 साल का बुजुर्ग चाहे वह किसी भी वर्ग का हो उसके 5 लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज की गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार नारी की गरिमा और नारी सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प, भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। इससे वैल्यू एडीशन होगा, किसान का फायदा बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। ये फूड प्रोसेसिंग प्लांट्स, रूरल इकॉनॉमी के नए ग्रोथ इंजन बनेंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में पीएम मोदी ने फसलों की एमएसपी में वृद्धि और किसान सम्मान निधि योजना जारी रखने का भी वादा किया है।

ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि 21वीं सदी भारत की है। भाजपा सरकार सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर, फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर फोकस कर रही है।

# एनसीसी फेस्ट में छाए आर्य कॉलेज के कैडेट्स



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

आर्य कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने सोनीपत के जीवीएम कॉलेज में आयोजित एनसीसी फेस्ट में शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सोमवार को विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही उन्होंने कॉलेज के एनसीसी इकाई के प्रभारी लेफटीनेंट डॉ. शिवनारायण को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जीवीएम कॉलेज, सोनीपत में आयोजित एनसीसी फेस्ट में आर्य कॉलेज के कैडेट रोहित ने स्टैंडिंग जम्प में दूसरा स्थान, डांस में कैडेट करीना ने तीसरा स्थान व ड्रिल स्पर्धा में भी तीसरा स्थान हासिल कर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

डॉ. गुप्ता ने यह भी बताया कि कॉलेज की एनसीसी इकाई समय-समय पर आर्य कॉलेज में भी कई प्रकार के शिविर व कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## कंगना ने सुधीर और राजीव के लिए मांगे वोट

**धर्मशाला:** **मंडी** संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पदमश्री कंगना रणौत ने सोमवार को धर्मशाला में कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी डा. राजीव भारद्वाज और धर्मशाला से प्रत्याशी सुधीर शर्मा के लिए वोट मांगे। कंगना ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम राज्य और सुशासन के प्रतीक हैं। कंगना ने महिला कार्ड खेलते हुए कहा कि मोदी सरकार का यह कार्यकाल महिला शक्ति का युग होगा। जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत विधानसभा से लेकर लोकसभा तक महिला नेताएं बड़ी संख्या में दिखेंगी। कंगना ने सीएम सुक्खू पर सियासी हमला करते हुए कहा कि यह ऐसे सीएम हैं जो कहतें हैं कि 98 फीसदी हिंदुओं को हराकर सरकार बनाई है। ऐसी दुख की सरकार को हटाने का समय आ गया है।

कंगना रनौत ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। चीन हो या पाकिस्तान वो थर-थर कांप रहे हैं। सोमवार को धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के टंग के समीप गांव में आयोजित एक नुक्कड़ सभा में शिरकत करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में कितने अटैक हुए हैं, हमें इन सबकी अनुभूति नहीं होती है क्योंकि हम सुरक्षित वातावरण में रहते हैं।

उन्होंने कहा कि पहले ब्लास्ट हुए, एयरक्राफ्ट हाईजेक हो गए, हमें वो दिन नहीं भूलने हैं। पूर्व में घोटाले पर घोटाले हुए हैं। कंगना ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नाम मात्र नहीं है बल्कि मोदी सुशासन का चिन्ह हैं। मोदी ने देश को एक नई दिशा दी है। भारत को जहां पूरे विश्व में सम्मान मिलता है और भारत को विश्व गुरु के रूप में देखा जा रहा है।

## 'भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा'

**धर्मशाला:** भाजपा द्वारा जारी किया गया संकल्प पत्र उस चिप्स के पैकेट की तरह है, जो बाहर से भरा हुआ दिखता है, लेकिन खोलते ही फुस्स हो जाता है। यह बात हिमाचल प्रदेश के राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष और फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कही। भवानी पठानिया सोमवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा है, इसलिए जयराम ठाकुर को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करने को कहा गया, लेकिन भाजपा यह भूल गई कि फरेब को चाहे जितनी बार भी कह दो वह झूठ ही रहता है। उन्होंने कहा कि मेनिफेस्टो किसी भी पार्टी की पहचान होती है और पार्टी का विजन होता है, जिससे आने वाले विकास की झलक दिखती है, लेकिन भाजपा का संकल्प पत्र पुरानी कुछ योजनाओं की लीपापोती कर बनाया गया है।

इसमें महंगाई और रोजगार का कहीं भी जिक्र नहीं है। इसमें महिलाओं और किसानों की आय बढ़ाने का कहीं भी जिक्र नहीं किया गया। भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि भाजपा ने रोजगार तो नहीं दिया उल्टा रोजगार में कटौती है, जिसमें अग्निवीर स्कीम सबसे सटीक उदाहरण है।

# रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य किरणें

### 17 अप्रैल दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य किरणें




### रामनवमी के दिन ढाई बजे से शुरू हो जाएंगे दर्शन

श्रद्धालुओं के लिए रामनवमी के दिन स्पेशल व्यवस्थाएं होगी। रामनवमी 17 अप्रैल को हनुमान जी का दर्शन पूजन और आरती का दौर रात 2:30 बजे से ही शुरू हो जाएगा। सुबह 3:30 पर दर्शनार्थियों का प्रवेश शुरू हो जाएगा। इसके बाद दोपहर 11:45 से 12:20 तक भगवान राम के जन्म आरती के लिए हनुमानगढ़ी का कपाट बंद रहेगा। रामनवमी को दोपहर की आरती 3:00 से 3:20 तक होगी। इसके बाद रात 10:00 बजे 10:30 बजे तक संध्या आरती होगी संध्या आरती में भी प्रवेश बंद रहेगा। आमजन के लिए रात 11:30 बजे हनुमान लला का बंद पट हो जाएगा। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि रामनवमी पर भगवान रामलला के ललाट पर सूर्य किरण 12:16 मिनट के करीब 5 मिनट तक पड़ेगी।

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** रामनवमी के दिन राम लाल भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने केवल राम जन्मोत्सव के दिन यानी 17 अप्रैल को ही दर्शन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। राम जन्मोत्सव के दिन सुबह 3:30 बजे से ही भक्त दर्शन के लिए लाइन में लग सकेंगे। रात 11 बजे तक श्रृंगार, राग-भोग व दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि बताया कि श्रीराम नवमी महोत्सव के दौरान मंगला आरती के बाद ब्रह्म मुहूर्त में अति प्रातः 3:30 बजे से अभिषेक, श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रृंगार आरती प्रातः 5:00 बजे होगी। श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा-विधि यथावत साथ-साथ चलती रहेगी। भगवान को भोग लगाने के लिए समय-समय पर अल्प-काल को पर्दा रहेगा। रात्रि 11:00 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्ववत चलता रहेगा। इसके बाद परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी। तीर्थ क्षेत्र की ओर से बताया गया कि रामनवमी पर शयन आरती के बाद मंदिर निकास मार्ग पर प्रसाद मिलेगा। दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि मंदिर से दूर सुरक्षित रखकर आएं। बताया कि वीआईपी दर्शन पर रोक एक दिन बढ़ा दी गई है अब 19 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। सुगम दर्शन पास, वीआईपी दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रृंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे। सुग्रीव किला के नीचे, बिड़ला धर्मशाला के सामने, श्री रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार पर "श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र" की ओर से यात्री सेवा केंद्र बनाया गया है जिसमें जन-सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां श्रद्धालुओं के बैठने से लेकर इलाज तक के इंतजाम है। चंपत राय ने दोहराया कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर में संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में लगभग 80 से 100 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर किया जाएगा।

### रामनवमी के दिन अनावश्यक भाग दौड़ से बचें

**चम्पत** राय ने कहा है कि श्रद्धालुओं से अनुरोध है केवल राम नवमी के दिन सभी कार्यक्रमों का आनंद घर बैठे अथवा जो जहाँ हो, मोबाइल पर, टेलीविजन पर और स्थान-स्थान पर लगी हुई एल.ई.डी. स्क्रीन पर देखकर, प्रभु श्री राम जी की कृपा प्राप्त कर, जीवन धन्य करें। राम नवमी के बाद अपनी सुविधानुसार अयोध्या धाम आकर प्रभु श्री रामलला जी के दर्शन लाभ कर, प्रसाद ग्रहण करें। राम नवमी के दिन अनावश्यक भाग-दौड और परेशानी से बचें।

**हनुमानगढ़ी में पहली बार जारी हुई दर्शन की समय सारणी, 18 अप्रैल तक लागू रहेगी नई समय सारणी:** रामलला के मंदिर के बाद अब हनुमानगढ़ी का भी दर्शन शेड्यूल जारी किया गया है। पहली बार हनुमानगढ़ी में दर्शन की समय सारणी जारी की गई है। रामनवमी को देखते हुए 15 से 18 अप्रैल तक दर्शन का शेड्यूल जारी किया गया है। हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास की ओर से दर्शन की समय सारणी जारी की गई है। इसकी जानकारी देते हुए संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने बताया कि नया दर्शन शेड्यूल 15 अप्रैल से लागू हो गया है। नए शेड्यूल के अनुसार हनुमानगढ़ी पर सुबह 3:00 से 4:00 तक हनुमान जी की आरती पूजा और श्रृंगार होगा। दर्शनार्थियों का प्रवेश प्रातः 4:00 बजे से शुरू हो जाएगा। इसके बाद मंदिर का पट दोपहर 12:00 से 12:20 तक बंद रहेगा। भोग और आरती के लिए दर्शन प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा। दोपहर 3:00 बजे से 3:20 तक आरती पूजा के लिए दर्शन बंद किया जाएगा।



मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने धर्मशाला दौरे के दौरान तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर व अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

## भस्म आरती में जटाधारी स्वरूप में सजे बाबा महाकाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**उज्जैन:** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज चैत्र शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर सोमवार तड़के भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारी ने गर्भगृह में स्थापित भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से कर पूजन अर्चन किया गया।

## 'छिंदवाड़ा में इस बार परिवारवाद समाप्त होगा'




**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर:** कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल सोमवार को इंदौर आए। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि जब मैं छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ा था तब मैंने कमलनाथ और कांग्रेस का आंतक वहां से समाप्त किया था। इस चुनाव में छिंदवाड़ा से परिवारवाद समाप्त होने वाला है। चुनाव में हमेशा कमलनाथ के ग्रास रूट स्तर पर पकड़ होने की बात होती है, लेकिन वहां सिर्फ कमलनाथ का धन प्रबंधन होता है, जो इस चुनाव में नहीं है। पटेल ने कहा कि इस देश पर कांग्रेस ने कई दशक राज किया, लेकिन देशवासियों की रोजमर्रा की सुविधा पर ध्यान नहीं दिया गया। राहुल गांधी एक झटके में गरीबी हटाने की बात करते हैं। उनकी दादी इंदिरा गांधी ने पचास साल पहले गरीबी हटाने का नारा दिया था, लेकिन वह सिर्फ जुमला था। यदि देश से गरीबी वे हटा देतीं तो हमारी अर्थव्यस्था देश में पहले स्थान पर रहती। भ्रष्टचार के आरोपों से घिरे कांग्रेस के नेतागणों की भाजपा में एंट्री के सवाल पर पटेल बोले कि भ्रष्टाचार करने वाले का दल और जाति नहीं देखी जाती है। जिन्होंने भ्रष्टचार किया है। उन्हें बक्शा नहीं जाएगा। पटेल ने कहा कि मोदी सरकार ने विरासत और विकास दोनों को आगे बढ़ाया है। भारत से बाहर ले जाई गई मूर्तियों को हम वापस लाएंगे और उनके मूल स्थान पर स्थापित करेंगे। मूर्तियां पहले भी आती थीं ,लेकिन उन्हें म्यूजियम में रख दिया जाता था। भाजपा में कांग्रेस के नेता-कार्यकर्तागणों के लगातार आने से जुड़े सवाल पर मंत्री पटेल बोले कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने वालों को चुनाव और हार-जीत से जोड़कर न देखा जाए। मुझे लगता है कि भारत जिन ऊंचाइयों को छूने की तरफ आगे कदम बढ़ा रहा है। उस यात्रा में जो भी शामिल होता है, उसका हम स्वागत करते हैं। पटेल बोले कि भाजपा ने विकास का इतिहास बनाया है और जनता का विश्वास भी जीता है। इस बार भी देश में मोदी सरकार बन रही है। मोहन सरकार के कार्यकाल के सवाल पर वे बोले कि मोहन सरकार ने 100 दिनों में अच्छा काम किया है।

**दावा**

> 8 जब मैं छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ा था तब मैंने कमलनाथ और कांग्रेस का आंतक वहां से समाप्त किया था

## डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले गिरफ्तार

**जयपुर:** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में अपनी जगह पर डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले गिरफ्तार चारों ट्रेनी एसआई को सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड पर भेजा है। गौरतलब है कि एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में अपनी जगह पर डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले चार ट्रेनी एसआई को रविवार देर शाम को गिरफ्तार किया था। जो राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में ट्रेनिंग कर रहे थे।

## 'गठबंधन में एक ऑलमोस्ट पीएम तो एक ऑलवेज सीएम'

### सरकार द्वारा दिया गया भारत रत्न देश के गरीब एवं विकसित किसान के लिए है: रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सहारनपुर:** सहारनपुर के गांव चंदना कोली में रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी ने अपने भाषण में जमकर विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में एक ऑलमोस्ट पीएम तो एक ऑलवेज सीएम है। उन्होंने कहा कि जो लोग भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के गठबंधन का विरोध करते हैं और यह कहते हैं कि वोट की खातिर रालोद ने भाजपा पार्टी से गठबंधन किया है वह चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिया गया भारत रत्न देश के गरीब एवं विकसित किसान के लिए है। भाजपा सरकार ने जो सम्मान चौधरी साहब को दिया है वह असल में देश के किसान का सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ मिलकर जयंत चौधरी देश तो राघव लखनपाल सहारनपुर का विकास करेंगे। देश को दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष योजनाएं लागू की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जो संकल्प पत्र जारी किया गया है। उसमें देश के विकास के लिए बहुत सी योजनाएं हैं। जब तक देश का विकास नहीं होगा, तब तक किसान विकसित नहीं होंगे। यह एक दूसरे के पूरक है। किसान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। चौधरी चरण सिंह भी कहा करते थे कि जब जनसंख्या बढ़ेगी तो खेती की जमीन कम होगी। ऐसे में किसानों को स्वयं कुटीर उद्योग की स्थापना करनी होगी। जहां साल 2005 में कुटीर उद्योग एवं एमएसएमई के लिए बजट मात्र 3000 करोड रुपए था वह 2023 24 में बढ़कर 22000 करोड रुपए हो गया है।



## न थम रहे आंसू न रुक रहीं सिसकियां..

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ:** 14 अप्रैल रविवार को छुट्टी का दिन था और करीब पौने चार बजे पूर्व विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल अपने आवास पर थे। इसी दौरान राजस्थान से एक मनहूस खबर आई कि उनके रिश्तेदार दर्दनाक हादसे में जिंदा जल गए हैं। इस घटना से हर किसी का कलेजा कांप उठा और परिवार में कोहराम मच गया। इसके बाद परिजन राजस्थान के लिए रवाना हो गए।

**न थम रहे आंसू, न रुक रहीं सिसकियां:** इस दर्दनाक घटना के बाद जहां परिजनों और रिश्तेदारों के आंसू और सिसकियां नहीं रुक रहीं हैं तो वहीं पूरी कॉलोनी में मातम छाया हुआ है। हर किसी की जुबां से सिर्फ एक ही बात निकल रही है कि हे भगवान ऐसा मनहूस दिन किसी को न दिखाए। इस दर्दनाक हादसे में परिवार के दो बच्चे और महिलाओं समेत सात लोग जिंदा जल गए हैं। वहीं इस हादसे के बारे में जिसने भी सुना वह सहम गया।



**राजस्थान के सीकर जिले के फतेहपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा:** राजस्थान के सीकर जिले के फतेहपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार दोपहर ढाई बजे कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। इससे दोनों वाहनों में आग लग गई।

## ख्वाजा की दरगाह से बच्ची चुरा ले गए संदिग्ध

**अजमेर:** ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह से दो बदमाशों ने एक बच्ची को चुरा लिया। परिजनों की रिपोर्ट पर दरगाह थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दरगाह में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो दो संदिग्ध व्यक्ति बच्ची को गोद में ले जाते हुए नजर आए। पुलिस ने बच्ची चोरी की घटना के 24 घंटे के अंदर बच्ची को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि बच्ची के परिजनों ने शनिवार को बच्ची चोरी होने की रिपोर्ट दरगाह थाने में कराई थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दरगाह में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें 2 व्यक्ति बच्ची को गोद में ले जाते हुए नजर आए थे।

## भाजपा प्रत्याशी की शिकायत पर पूर्व सीएम कमलनाथ के घर पहुंची पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**छिंदवाड़ा:** छिंदवाड़ा में सियासी घमासान नए स्तर पर पहुंच गया है। अब भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पीए आरके मिगलानी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस सिलसिले में आठ से दस वाहनों में पुलिस सीएसपी अजय राणा के नेतृत्व में कमलनाथ के शिकारपुर स्थित बंगले पर पहुंच गई। जैसे ही यह सूचना मिली, कमलनाथ समर्थक भी बंगले पर जमा हो गए। भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था। छिंदवाड़ा सीट पर कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ कांग्रेस के प्रत्याशी हैं।



बंटी साहू ने शिकायत में कहा कि रविवार रात सुदेश नागवंशी ने एक शिकायत दर्ज कराई कि सचिन गुप्ता, निवासी आदित्य धाम, छिंदवाड़ा और कमलनाथ के सहयोगी आरके मिगलानी ने एआई तकनीक से एक फर्जी वीडियो बनाया। वीडियो पूरी तरह फर्जी है। फिर एक निजी चैनल की ओरिजिनल न्यूज का एक फर्जी वीडियो तैयार किया गया। इन झूठे और भ्रामक वीडियो को वायरल करने की कोशिश की गई।

## उप्र की सभी लोकसभा सीट पर खिलेगा कमल : डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर:** सबका साथ सबका विकास नीति पर चल रही भारतीय जनता पार्टी का कारवां हर चुनाव में बढ़ता ही जा रहा है। इस लोकसभा चुनाव में तो किसी भी सीट पर भाजपा उम्मीदवारों के सामने मुकाबला ही नहीं दिख रहा है। उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलने जा रहा है और केन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। यह बातें सोमवार को कानपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही। भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र जारी करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सोमवार को कानपुर पहुंचे और एक होटल में घोषणा पत्र 'मोदी की गारंटी' पत्रकारों के सामने रखा। मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव हो रहा है और पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है, लेकिन कहीं भी विपक्ष का शोर नहीं दिख रहा है। विपक्ष भली भांति जान चुका है कि जनता अब उनके बहकावे में नहीं आने वाली है। इसीलिए उनके नेता भी शांत दिख रहे हैं। उत्तर प्रदेश में बीजेपी का मुकाबला सपा से या बसपा से है के सवाल पर कहा कोई मुकाबला ही नहीं है। यह सब भ्रष्टाचारी हैं जिस तरह घर में सड़ी मिठाई को नए पैकिंग में पेश किया जाता है उसी तरह यूपीए वन व यूपीए टू के भ्रष्टाचारी नेताओं का ये इंडी गठबंधन है।

**साधा निशाना**

> 8 भ्रष्टाचारियों का मेल है इंडी गठबंधन, हर सीट पर विपक्ष की ओर से है सन्नाटा

**दीक्षा** बिजनेसमैन भावेशभाई भंडारी और उनकी पत्नी जीनलबेन ने सांसारिक मोह-माया को त्याग दीक्षा लेने का फैसला किया

## 200 करोड़ की संपत्ति कर दी दान...संन्यासी बनेगा बिजनेसमैन का परिवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**साबरकांठा:** गुजरात में साबरकांठा जिले के रहने वाले एक दंपती ने अपनी 200 करोड़ रुपयों की संपत्ति दान कर दी है। साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर में रहने वाले बिजनेसमैन भावेशभाई भंडारी और उनकी पत्नी जीनलबेन ने सांसारिक मोह-माया को त्याग दीक्षा लेने का फैसला किया है। दोनों पति और पत्नी 22 अप्रैल को रिवरफ्रंट पर दीक्षा लेंगे।

**बेटे और बेटी की नक्शे कदम पर माता-पिता:** यह पहला मौका नहीं है, जब भावेशभाई भंडारी और उनकी पत्नी जीनलबेन ने यह मार्ग अपनाया है। दो साल पहले ही उनके 16 वर्षीय बेटे और 19 वर्षीय बेटी ने इस सांसारिक मोह-माया को त्याग दिया था। साल 2022 में बेटे और बेटी ने सूरत में दीक्षा ली। दीक्षा लेने के बाद बेटे का नाम सात्विक तिलक म.सा और बेटी का नाम साध्वीजी नंदिताश्रीजी म.सा. हो गया। अब अपने बेटे और बेटी की नक्शे कदम पर चलते हुए माता-पिता ने यह दीक्षा लेने का फैसला किया है। मालूम हो कि जैन समुदाय का सबसे बड़ा दीक्षा महोत्सव इस साल साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित किया गया है। इस दीक्षा के अवसर पर हिम्मतनगर के संघवी भंडारी के एक परिवार से दो लोग दीक्षा लेंगे।



**मोह-माया से दूरी**

> 8 दो साल पहले ही उनके 16 वर्षीय बेटे और 19 वर्षीय बेटी ने इस सांसारिक मोह-माया को त्याग दिया था

**करोड़ों की संपत्ति के हैं मालिक भावेशभाई भंडारी:** भावेशभाई भंडारी और उनकी पत्नी जीनलबेन कोरोड़ों के मालिक हैं। हालांकि, अब उन्होंने अपनी 200 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति दान कर दी है। व्यवसायी भावेशभाई के पास अहमदाबाद और हिम्मतनगर में करोड़ों की संपत्ति है। उनका स्कार्फ का व्यवसाय भी हिम्मतनगर में चलता है। 46 साल के भावेशभाई भंडारी और 42 साल की जिनलबेन भंडारी ने अपने कंस्ट्रक्शन व्यवसाय को छोड़कर दीक्षा ग्रहण कर अहमदाबाद में काम करने का निर्णय लिया है।

**निकाली गई भव्य शोभा यात्रा:** दीक्षा लेने जा रहे भावेशभाई ने साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर में 4 किलोमीटर लंबा भव्य शोभा यात्रा निकाली। वह 22 अप्रैल को अहमदाबाद के पालडी में रिवर फ्रंट पर 35 लोग एक साथ संयमित जीवन की शुरूआत करेंगे।